वर्ष- 21 अंक - 269 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, सोमवार 16 मार्च 2026







## अस्पताल में भीषण आग 10 की मौत, कई घायल

कटक ● एजेंसी

ओडिशा के कटक स्थित एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में आज तड़के भीषण आग लगने से आईसीयू में भर्ती 10 मरीजों की मौत हो गई। एक दर्जन कर्मचारी सहित कई लोग झुलस गए और धुएं से बीमार हो गए। अस्पताल के मेडिसिन विभाग की इमारत में स्थित ट्रॉमा केयर आईसीयू में यह आग लगी। सुबह करीब 3 बजे ट्रॉमा केयर यूनिट की पहली मंजिल पर आग लगी। कुछ ही मिनटों में पूरी आईसीयू वार्ड में धुआं भर गया। उस समय वार्ड में कई गंभीर मरीज लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर थे। दर्जनों मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। जो मरीज बच गए और जिनकी हालत गंभीर थी, उन्हें तुरंत 'न्यू मेडिसिन ICU' में शिफ्ट किया गया। कम से कम पांच मरीज गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज करा रहे अस्पताल के दो कर्मचारी भी गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों के परिवार





को 25 लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की गई है। आईसीयू के एयर कंडीशनिंग सिस्टम या किसी मेडिकल उपकरण में इलेक्ट्रिकल शॉर्ट सर्किट की वजह से ये आग लगी।

## वन बैटल आफ्टर अनादर को बेस्ट फिल्म का ऑस्कर

*माइकल और जेसी ने जीता बेस्ट एक्टर-एक्ट्रेस का ऑस्कर*

*व्हाइट गाउन में दिखा प्रियंका चोपड़ा का स्टनिंग लुक*

लॉस एंजेलिस ● एजेंसी

लॉस एंजेलिस की डॉल्बी थिएटर में 98वें ऑस्कर अवॉर्ड्स के सारे विनर्स अनाउंस हो चुके हैं। इस बार भारत के लिए ऑस्कर्स में उम्मीद करने लायक कुछ भी नहीं था। लेकिन हमारी अपनी देसी गर्ल, ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा शो की प्रेजेंटर्स में से एक रहीं। वो अपने पति निक जोनस के साथ रेड कार्पेट पर नजर आईं। व्हाइट स्ट्रैपलेस गाउन में वो स्टनिंग लगीं। प्रियंका बतौर प्रेजेंटर अवॉर्ड सेरेमनी का हिस्सा बनी हैं। रायन कूगलर की फिल्म 'सिनर्स' को कुल 4 अवॉर्ड मिले जबकि वन बैटल आफ्टर एनदर फिल्म ने कुल 6 ऑस्कर जीते। वन बैटल आफ्टर एनदर को बेस्ट फिल्म का ऑस्कर मिला। फिल्म 'हैमनेट' में अपनी एक्टिंग से दुनिया भर में तारीफें बटोर रहीं जेसिका बकली को बेस्ट एक्ट्रेस का ऑस्कर अवॉर्ड मिला है। सिनर्स फिल्म में डबल रोल निभाने के लिए लीड स्टार माइकल बी जॉर्डन को उनका पहला बेस्ट एक्टर- ऑस्कर अवॉर्ड मिला है।

## तूफान में उड़कर तालाब में जा गिरा ऑटो



### *200 से ज्यादा घर तबाह 2 की मौत, कई घायल*

मयूरगंज ● एजेंसी

ओडिशा के मयूरभंज जिले के करंजिया इलाके में आए तेज तूफान ने भारी तबाही मचा दी। तेज हवा के कारण कई गाड़ियां हवा में उड़ गईं या पलट गईं। एक ऑटो तो तेज आंधी की चपेट में आकर तालाब में जा गिरा। तूफान के कारण 200 से ज्यादा घर तबाह हो गए। 2 लोगों की मौत हो गई। बड़ी तादाद में खंभे और पेड़ उखड़कर गिर गए।

### भोजशाला मामले में आज अहम सुनवाई

**इंदौर.सिटी ब्लास्ट।** धार स्थित ऐतिहासिक भोजशाला के धार्मिक स्वरूप को लेकर मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ में आज सोमवार को अहम सुनवाई होनी है। इससे पहले मामले में नया मोड़ आ गया जब मस्जिद पक्ष के कई लोगों ने याचिका में पक्षकार बनाए जाने के लिए आवेदन प्रस्तुत कर दिए। इस पर मंदिर पक्ष के याचिकाकर्ताओं ने विरोध दर्ज कराया है।

### कच्चे तेल से भरा एक और जहाज भारत के लिए रवाना

**नई दिल्ली.एजेंसी।** ईरान युद्ध के कारण होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों का आना-जाना बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। ऐसे कठिन समय में भी होर्मुज के द्वार भारत के लिए खुलने लगे हैं। शिवालिक और नंदा देवी के बाद अब एक और शिप कच्चा तेल लेकर भारत के लिए रवाना हो चुका है। इंडियन नेवी इसे एस्कॉर्ट कर रही है, ताकि किसी भी तरह के खतरे को समय रहते विफल किया जा सके। जहाज पर करीब 80,800 मीट्रिक टन 'मुरबन' कच्चा तेल लदा हुआ है और यह भारत की ओर बढ़ रहा है।

### दुनिया का सबसे बड़ा दुबई एयरपोर्ट बंद!

**दुबई.एजेंसी। दुबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के पास एक ड्रोन हमले ने ईंधन टैंक को निशाना बनाया, जिससे भीषण आग लग गई। हादसे की वजह से एयरपोर्ट पर उड़ानें अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गईं।**

### 19 भारतीय गिरफ्तार

**जंग के बीच यूएई में 19 भारतीयों को गिरफ्तार किया गया। इन पर फेक न्यूज फैलाने का आरोप है।**

### राज्यसभा की 11 सीटों के लिए मतदान शुरू

**सोमवार.एजेंसी।** देश के 10 राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों के लिए जारी चुनावी प्रक्रिया आज अपने अंतिम चरण में है। 37 में से 26 उम्मीदवार पहले ही निर्विरोध चुने जा चुके हैं। आज बिहार की 5, ओडिशा की 4, हरियाणा की 2 सीटों के लिए इसलिए मतदान हो रहा है क्योंकि यहां सीटों से ज्यादा उम्मीदवार हैं। शाम तक नतीजे आ जाएंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, और शिवेश कुमार की जीत लगभग तय मानी जा रही है। पांचवी सीट के लिए एनडीए समर्थित उपेंद्र कुशवाहा और आरजेडी के अमरेंद्र धारी सिंह के बीच सीधी टक्कर है। ओडिशा में भी 4 सीटों के लिए 5 उम्मीदवार हैं। वहीं हरियाणा में 2 सीटों के लिए 3 उम्मीदवार मैदान में हैं।

### शादी का रसगुल्ला गले में फंसा, हुई मौत

**जमशेदपुर.एजेंसी।** जमशेदपुर के मलियंता गांव में शादी समारोह के दौरान रसगुल्ला गले में फंसने से 41 वर्षीय ललित सिंह की मौत हो गई। भोज के दौरान रसगुल्ला खाते समय अचानक उन्हें सांस लेने में दिक्कत होने लगी। मौजूद लोगों ने गले से रसगुल्ला निकालने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। परिजन उन्हें तुरंत एमजीएम अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### खाई में गिरी गाड़ियां 10 की मौत

**सोमवार.एजेंसी।** नेपाल के गंडकी प्रांत के गोरखा जिले में भारतीय तीर्थयात्रियों से भरी एक बस खाई में गिर गई। इसमें 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 7 घायल हैं। इधर पिथौरागढ़ में बंगापानी-मदकोट मार्ग पर इनोवा कार के गहरी खाई में गिरने से सेना के जवान समेत 3 युवकों की दर्दनाक मौत हो गई।

### अचानक बर्फबारी से अटल टनल में फंसे 1000 वाहन

**मनाली.एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के मनाली और लाहौल में मौसम ने अचानक करवट ली है, जिससे पर्यटकों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। अटल टनल के पास भारी बर्फबारी के कारण करीब 1000 वाहन फंस गए, जिन्हें निकालने के लिए मनाली पुलिस और बीआरओ ने बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया है।



# कांग्रेस कल निगम कमिश्नर से एमओएस टैक्स मुद्दे पर करेगी चर्चा

## ना हुई तो सभी मोर्चा, प्रकोष्ठ को लेकर हस्ताक्षर अभियान, धरना, प्रदर्शन विधानसभा स्तर पर होंगे

**मांगेंगे हां-ना का जवाब और उसके बाद लेंगे अगले कदम का निर्णय**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि नगर निगम ने करीब 8 लाख लोगों को एमओएस टैक्स के दायरे में लिया है और कई लोगों को 5 साल के पुराना एमओएस टैक्स भरने के लिए सूचनाएं भेजी है और कइयों को कुर्की के पत्र भी गए हैं। इस मुद्दे की शुरूआत से ही कांग्रेस विरोध कर रही है। कल कांग्रेस निगम कमिश्नर से प्रतिनिधि मंडल के साथ मुलाकात करेगी और उनसे मांग की जाएगी कि नक्शा पास होने के दौरान जो एमओएस के लिए खाली जगह छोड़ी गई है उस पर टैक्स क्यों दिया जाए। आम लोगों ने एमओएस का उपयोग कार पार्किंग, बगीचा, हवा, पानी, प्रकाश के लिए मकान का निर्माण नहीं किया है, अगर खाली जगह पर ही टैक्स निगम को देना है तो वह पूरा निर्माण क्यों नहीं करेगा। चिंटू चौकसे ने कहा कि इससे 8 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। इनमें से ज्यादातर के पुराने कर जीरो थे उन्हें 5-5 साल के बकाया एमओएस के बिल पहुंचा दिए गए हैं, जो गलत है। हम कल कमिश्नर से यही बात करेंगे कि यह नियम खाली जगह पर टैक्स लगाने का वापस लिया जाए, हम इस मामले में कमिश्नर से पूरी बात कर उनसे उत्तर भी लेंगे, अगर उन्होंने ना किया तो कांग्रेस अब सबसे पहले माँ अहिल्या की प्रतिमा राजवाड़ा पर हस्ताक्षर अभियान चलाएगी और फिर विधानसभा अनुसार धरना, प्रदर्शन होंगे। महिला कांग्रेस, यूथ कांग्रेस, भाराछासं, सेवादल सभी आन्दोलन करेंगे और नहीं माने तो नगर निगम का घेराव किया जाएगा। जानजागरण अभियान के रूप में लिया जाएगा।

# कांग्रेस का पलटवार

## सस्ता तेल था तो जनता को राहत क्यों नहीं मिली?

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कांग्रेस के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमित चौरसिया ने भाजपा द्वारा पेट्रोल-डीजल की कीमतों को लेकर जो बयान जारी किया उसे चौरसिया ने कांग्रेस की ओर से पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा आधे-अधूरे आंकड़े दिखाकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है, जबकि सच्चाई बिल्कुल अलग है। भाजपा यह प्रचार कर रही है कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के बावजूद भारत में पेट्रोल की कीमतें स्थिर हैं, लेकिन भाजपा यह नहीं बताती कि जब 2020 में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें ऐतिहासिक रूप से 20-23 डॉलर प्रति बैरल तक गिर गई थीं, तब देश की जनता को इसका लाभ क्यों नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि उस समय पेट्रोल-डीजल सस्ता करने के बजाय केंद्र सरकार ने लगातार एक्साइज ड्यूटी और अन्य टैक्स बढ़ाकर जनता की जेब पर डाका डाला। मई 2020 में पेट्रोल और डीजल पर कई तरह के टैक्स बढ़ाए गए, जिसके कारण उस समय दिल्ली में पेट्रोल की कीमत का लगभग 69 प्रतिशत हिस्सा टैक्स बन गया था, जो दुनिया के कई विकसित देशों से भी ज्यादा था। अमित चौरसिया ने कहा कि 2014 के बाद से पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी में करीब 248 प्रतिशत और डीजल पर लगभग 794 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की गई। इसी वजह से जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल सस्ता था तब भी देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें कम नहीं हुईं। उन्होंने कहा कि आज जब वैश्विक परिस्थितियों के कारण कच्चे तेल की कीमतें बढ़ रही हैं, तब भाजपा चुनिंदा आंकड़े दिखाकर अपनी विफलताओं पर पर्दा डालने की कोशिश कर रही है। सच्चाई यह है कि भाजपा सरकार ने पहले ही इतना भारी टैक्स लगा दिया था कि पेट्रोल-डीजल की कीमतें आम जनता के लिए बोझ बन चुकी हैं। भाजपा को प्रचार और भ्रम फैलाने के बजाय जनता को पूरा सच बताना चाहिए। कांग्रेस लगातार यह मांग करती रही है कि पेट्रोल-डीजल पर लगाए गए भारी टैक्स कम किए जाएं ताकि आम आदमी को राहत मिल सके।



# साध्वी ऋतुम्भरा देवी का सम्मान



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** साध्वी ऋतुम्भरा देवी कल इंदौर विमानतल पर पहुंची थी उनकी अगवानी करने पूर्व मंत्री राजवर्धन सिंह भी बदनावर से आए और साध्वी बदनावर कार्यक्रम के लिए निकली। विमानतल पर रजत गर्ग, देवेन्द्र ईनाणी, सत्यनारायण चौहान सहित अन्य मौजूद थे।

# मूलभूत समस्याओं से परेशान रहवासियों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

## राऊ विधानसभा के अन्तर्गत कालोनियों में विकास कार्य भी पड़े हैं अधूरे



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

राऊ विधानसभा के वार्ड 79 कैट चौराहा स्थित आनंद फार्म व स्नेह फार्म में सड़क, ड्रेनेज, स्ट्रीट लाइट और नियमितीकरण की परेशानी को लेकर रहवासी लगातार मुद्दे उठा रहे थे। कल रहवासी एकजुट हुए और होली मिलन के आयोजन में परेशानी के मुद्दे पर चर्चा की और फिर एकजुट होकर सबने क्षेत्रीय विधायक मधु वर्मा को सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपा। विधायक को बताया कि मूलभूत सुविधाओं से ही रहवासी वंचित हैं। अधूरे पड़े विकास कार्य भी रूके पड़े हैं, उन्हें भी जल्द पूर्ण कराया जाए। मनोहर व्यास ने बताया कि होली मिलन के आयोजन में विधायक को यह ज्ञापन सौंपा गया। वर्मा को बताया कि कुछ गलियों में काम हो चुका है, लेकिन कुछ गलियां अभी भी सीमेंटीकरण के अभाव में हैं, जिससे आवागमन में कठिनाई हो रही है। ड्रेनेज लाइन नहीं होने से सेफ्टीटैंक के कारण भू-जल प्रदूषण हो रहा है। स्ट्रीट लाइट नहीं है, जिससे आवागमन में दिक्कत होती है। कई बार जहरीले जानवर भी परेशानी का सबब बनते हैं। घरों से खंबे दूरी पर लगे हैं, जिसके कारण स्थाई विद्युत कनेक्शन नहीं मिल पा रहा है, स्थाई विद्युत कनेक्शन दिए जाए। आनन्द और स्नेह फार्म को नियमित करवाया जाए। इस दौरान पार्षद लक्ष्मी वर्मा, महेश चौधरी, दिनेश वर्मा भी उपस्थित रहे। विधायक मधु वर्मा ने रहवासियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के माध्यम से शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया।



# खाटूश्याम के भजन और फाग उत्सव

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

तलावली चांदा, देवासनाका स्थित लेक व्यू रिसोर्ट में आयोजित फाग उत्सव एवं खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन किया गया। आयोजक और राजनेता भी मौजूद रहे। खाटूश्याम बाबा के जयकारे भी लगे, आरती भी हुई। संजय शर्मा, राजू ठाकुर ने उक्त जानकारी दी।



# पूर्व मंत्री को पत्नी शोक



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पूर्व मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सज्जनसिंह वर्मा की धर्मपत्नी सुभद्रा वर्मा का कल अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। शवयात्रा आज सुबह पलसीकर कालोनी से निकली। रिजनल पार्क पर समाचार लिखे जाने तक श्रद्धांजलि का आयोजन किया जा रहा है। बड़ी संख्या में कांग्रेसी, समाजजन और निकट के लोगों के अलावा रहवासी भी मौजूद हैं।



# समाजवादी पार्टी ने मनाई काशीराम जयंती

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** समाजवादी पार्टी द्वारा अभिनव कला केन्द्र पर काशीराम जयंती मनाई गई। इस अवसर पर बटेश्वरनाथ सिंह, रामस्वरूप मंत्री, सुरेश सूरजवानी सहित पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कांग्रेसियों ने भागरीथपुरा रहवासियों के साथ किया अस्थि विसर्जन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे सहित अन्य कांग्रेसियों ने भागीरथपुरा के दूषित पानी से मृत्यु के बाद अस्थि-कलश का पूजन कर उन्हें प्रयागराज के लिए रवाना कराया था। रहवासियों के साथ कांग्रेसियों की टीम प्रयागराज पहुंची और वहां विधि विधान से पूजन करवाकर परिजनों की मौजूदगी में अस्थि का विसर्जन किया गया। कांग्रेस नेता मुकेश ठाकुर, ठाकुर जितेंद्र सिंह, रानू मलेरिया, आशीष यादव, विजय बीजवा, आशीष यादव, जसपाल यादव, मुन्ना ठकुर, लक्ष्मीनारायण पाठक, प्रहलाद महावार सहित अन्य मौजूद थे।





# दिगम्बर जैन समाज के दो अध्यक्ष मिलकर करेंगे महावीर जयंती पर काम

***कासलीवाल खेमा आश्वस्त था कि निर्विरोध चुनाव हो जाएंगे, लेकिन पासा पलट गया, लोगों ने लिखा महल की राजनीति के बजाए निकलना होगा बाहर***

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

दिगम्बर जैन समाज में पहले से दो सामाजिक संसद चल रही थी और पुराने दो सामाजिक संसदों के अध्यक्षों ने सहमति से विनय बाकलीवाल को सामाजिक संसद का अध्यक्ष बना दिया था और बाकलीवाल ने अपनी बड़ी टीम भी बना ली थी, युवा टीम भी गठित कर दी थी।

इधर यह सबकुछ कासलीवाल खेमा को बर्दाश्त नहीं हुआ था और उन्होंने महावीर जयंती के आयोजन जुलूस पर अपना प्रभुत्व स्थापित करने के उद्देश्य से आनन-फानन में चुनाव की प्रक्रिया का ऐलान कर दिया था और जो पुरानी मतदाता सूची विनय बाकलीवाल के समन्वय में तैयार हुई थी उसमें कुछ रद्दोबदल करवाकर उसी सूची के आधार पर चुनाव करवा दिए और खुद के 6 समर्थक कासलीवाल खेमे ने फार्म भरवाए थे तभी नवीन गोधा ने अपने भाई आनन्द गोधा का फार्म जमा करवाया था। आखिरकार नवीन गोधा ने विधायक रमेश मेंदोला, एमआईसी सदस्य राजेन्द्र राठौर के अलावा विनय बाकलीवाल खेमे का सहयोग लेकर 54 वोट से चुनाव जीत लिया। मतदान भी भारी भरकम हुआ।

इधर सूत्रों का कहना है कि कासलीवाल खेमे के वोट भी बंट गए और उस खेमे में विनय बाकलीवाल ने सेंध लगाई। कल मतदान के दौरान भी विधायक रमेश मेंदोला और एमआईसी सदस्य राजेन्द्र राठौर लम्बे समय तक उदासीन आश्रम में मौजूद रहे। सभी जानते है कि आनन्द गोधा, नवीन गोधा क्लर्क कालोनी में रहते हैं, जो 2 नम्बर विधानसभा में ही है। उल्लेखनीय है कि रमेश मेंदोला ने निर्विरोध चुनाव के लिए जैन समाजजनों की बैठक भी बुलाई थी, जिसका प्रकाशन भी सिटी ब्लास्ट ने किया था। मेंदोला उस समय यही चाहते थे कि महावीर जयंती तक चुनाव प्रक्रिया ना हो और विनय बाकलीवाल ही अध्यक्ष रहे। इधर सूत्र बता रहे हैं कि विनय बाकलीवाल खेमा ने आनन्द गोधा की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और नवीन गोधा ने भी अपने भाई की जीत के लिए दमखम दिखाया। अब यह कहा जा रहा है कि महावीर जयंती के आयोजन जुलूस की बागडोर विनय बाकलीवाल और आनन्द गोधा मिलकर करेंगे और कासलीवाल खेमा फिर खाली रहेगा। इधर यह भी बताया जा रहा है कि आगे भी समाज में दो अध्यक्ष रहेंगे, लेकिन पदाधिकारी दोनों के मिक्स रहेंगे। इसके लिए भी विधायक रमेश मेंदोला के माध्यम से प्रयास शुरू हो चुके हैं। कल चुनाव पूर्ण रूप से शांतिमय माहौल में हुए। महल की राजनीति धराशायी हुई। इधर सामाजिक संसद के अध्यक्ष बने आनन्द गोधा ने अध्यक्ष पद पर पराजित हुए प्रत्याशी दिलीप पाटनी को धोक देकर माला भी पहनाई और कहा कि आगे भी आपका साथ चाहिए, हम मिलकर काम करेंगे। इधर प्रचार मंत्री को लेकर भी कल से ही शतरंज की बिसात बिछ गई। दावेदार ज्यादा है, लेकिन दो दावेदार तगड़े बताए जा रहे हैं, जो प्रचार मंत्री बनना चाहते हैं। अब देखना यह होगा कि दोनों खेमा दो अध्यक्ष रहने के बावजूद एक इकाई के पदाधिकारियों के साथ कैसे काम करते हैं या फिर दोनों फिर अलग-अलग इकाई के साथ काम कर गत 6 साल से अधिक समय से चल रही दो सामाजिक संसद की तरह ही काम करेंगे, अब यह प्रश्न भी दिगम्बर जैन समाज में उठा हुआ है। इधर सोशल मीडिया पर लिखा गया कि कासलीवाल खेमे को महल की राजनीति से बाहर निकलना होगा और जैन समाजजनों के बीच जमीन पर आना होगा, मंदिर-मंदिर जाना होगा,

***कासलीवाल परिवार ही एकजुट नहीं रहा, विधायक और एमआईसी सदस्य भी मतदान के दौरान रहे गोधा के लिए मौजूद, हारने वाले पाटनी को भी जीतने वाले ने पहनाई माला***

जिस तरह से प्रदीप कासलीवाल मैदान में रहते थे उसी तरह अगर आगे की रणनीति बनाना है तो कासीलवाल खेमे को भी समाजजनों के बीच रहना होगा। इधर कासलीवाल खेमे ने महावीर जयंती के जुलूस और आयोजन के लिए चुनाव जल्दी कराए थे, लेकिन सारी तैयारियां उनकी फेल हो गई। कासलीवाल खेमा मानकर चल रहा था कि जो वह चुनाव करना चाह रहे हैं वह निर्विरोध हो जाएंगे।



## नेमा ने दी श्रद्धांजलि

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पूर्व विधायक गोपीकृष्ण नेमा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की पुत्री के निधन पर श्रद्धांजलि देने बैतूल पहुंचे और निवास पर चल रही शोक बैठक के बीच श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



## महिला सफाई कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य शिविर

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। नगर परिषद सांवेर ने महिला सफाई कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन अधिकारी परागी गोयल, संदीप चंगेड़िया के मार्गदर्शन में किया, परामर्श भी दिया।

## पार्षद भूमिपूजन करने पहुंचे तो मातृशक्तियों ने लगाया तिलक, पहनाई माला



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

विधानसभा 5 के वार्ड 54 के पार्षद महेश बसवाल ने एकता नगर बस्ती के नवीन उद्यान निर्माण की फाइल निगम से स्वीकृत कराई और कल जब वे इस कार्य का भूमिपूजन करने पहुंचे तो मातृशक्तियों ने पार्षद की अगवानी कर उनको तिलक लगाया, फूलमाला पहनाई और इस विकास कार्य के लिए साधुवाद भी दिया। दिनेश रोकड़े, राकेश डाकसे, अजय चौहान, दुर्गेश मिंजवा, गोपाल सिंगार, रुबल कनौजिया, लखन भालसे, करण ऑटोदिया उपस्थित रहे।

## जिला कांग्रेस ने महू विधानसभा के बनाए मंडलम अध्यक्ष

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने जिला कांग्रेस के बूथ स्तर पर संगठन के कार्यों को सुचारू करने के उद्देश्य से मंडलम अध्यक्षों की नियुक्ति पूर्व में भी की थी। अब दूसरी सूची महू विधानसभा की 11 मंडलम की जारी की, जिसमें जामली से दीनदयाल बैरागी, भाटखेड़ी से छुट्टन कुरैशी, महूगांव से राजेन्द्रसिंह चौहान, धारनाका से नवल वर्मा, पिगडम्बर में राजेश पटेल, सांतेर किशनगंज से दिगपालसिंह तोमर, कोदरिया से गौरव शर्मा, गवली पलासिया से अफरोज खान, चोरल से शैलेष जाट, दतोदा सत्यनारायण मालवीय, सिमरोल से राजेश पाटीदार बनाए गए।

## भाजपा नेता ने की गेट खुलवाने के लिए अधीक्षक से भेंट

**ताले नहीं खुले तो मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को संज्ञान में डाला जाएगा**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

वरिष्ठ भाजपा नेता जगमोहन वर्मा ने भाजपा के प्रमुख नेताओं के प्रतिनिधि मंडल के साथ एमवाय अस्पताल के डीन और अधीक्षक से मुलाकात कर उन्हें बताया कि एमवाय अस्पताल के 8 गेट हैं, जिनमें से 2 ही गेट कार्यरत है और बंद गेटों के कारण मरीज, परिजन को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आईसीयू में भर्ती बच्चों को चूहों द्वारा कतरने के बाद 6 गेटों पर तालाबंदी उस समय से कर रखी है। इसी तालाबंदी के कारण चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय के



लिये भी दिक्कते आ रही है। जगमोहन वर्मा, राकेश शर्मा, घनश्याम व्यास, महेंद्र देशमुख, अशु सोनकर ने डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया और अधीक्षक डॉ. अशोक यादव से मुलाकात कर मांग उठाई और कहा कि अगर सभी गेट नहीं खोले गए तो मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के नगर आगमन पर उन्हें पूरा मामला बताया जाएगा।

# पिछली लोक अदालत से कम ही हो पाया कर संग्रहण

## प्राधिकरण ने रख ली लाज वरना मिलता और कम पैसा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

हाल ही में आयोजित की गई लोक अदालत में इंदौर नगर निगम पिछली लोक अदालत से भी कम कर संग्रहण कर पाया। वह तो इंदौर विकास प्राधिकरण ने लाज रख ली वरना और भी ज्यादा कम पैसा मिलता।

नगर निगम द्वारा लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा पैसा संग्रहित करने की कोशिशें की पोल खुलकर सामने आ गई है। इस बार के लोक अदालत में नगर निगम के द्वारा 103 करोड रुपए जमा होने का दावा किया जा रहा है। पिछली बार के लोक अदालत में 100 करोड रुपए जमा हुए थे। इस आधार पर नगर निगम के अधिकारी यह दावा कर सकते हैं कि हमने पिछली बार की तुलना में 3 करोड रुपए ज्यादा हासिल किए हैं।

अब इस मामले की हकीकत को यदि देखा जाए तो पिछली बार की लोक अदालत के लिए इंदौर विकास प्राधिकरण के द्वारा 30 करोड रुपए जमा कराए गए थे अर्थात 70 करोड रुपए नगर निगम के अधिकारियों के द्वारा निजी क्षेत्र से कर के वसूल किए गए थे। इस बार के लोक अदालत में प्राधिकरण के अधिकारियों ने 40 करोड रुपए जमा कराए हैं। अर्थात नगर निगम के अधिकारियों ने निजी क्षेत्र से कर की राशि के रूप में केवल 63 करोड रुपए संग्रहित किए हैं। इस तरह से यह संग्रहण पिछली लोक अदालत की तुलना में कम और कमजोर है।

### बीएसएफ से भी मिलेगा पैसा

इसके साथ नगर निगम द्वारा एयरपोर्ट रोड पर स्थित बीएसएफ के परिसर का भी टैक्स मांगा गया है। उसके बारे में बीएसएफ के स्थानीय अधिकारियों के द्वारा प्रस्ताव तैयार कर मंजूरी के लिए अपने मुख्यालय भेज दिया गया है। मुख्यालय से इस प्रस्ताव को मंजूरी देने की प्रक्रिया चल रही है। यहां के अधिकारियों ने भी निगम के अधिकारियों को भरोसा दिलाया है कि 31 मार्च तक हमारा भी टैक्स जमा हो जाएगा।

### मेट्रो से नहीं मिला पैसा

इस समय नगर निगम के पास एक नए बड़े-बड़े करदाता के रूप में मेट्रो रेल कंपनी भी आ गई है। इस कंपनी के द्वारा जितने क्षेत्र में मेट्रो रेल की लाइन बिछाई जा रही है वह पूरा क्षेत्र और उसके साथ ही मेट्रो रेल के स्टेशन बनाने के लिए उपयोग की गई जमीन वाला क्षेत्र कर के क्षेत्र के रूप में आता है। नगर निगम के द्वारा मेट्रो रेल कंपनी से राशि मांगी गई थी लेकिन इस कंपनी के द्वारा इस बार कोई राशि जमा नहीं कराई गई है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि 31 मार्च को वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पहले हमें मेट्रो रेल कंपनी से भी अच्छी राशि प्राप्त हो जाएगी।

# इस हफ्ते कमर्शियल गैस को लेकर भी मिलेगी राहत

## *धीरे-धीरे होगी आपूर्ति, घरेलू गैस में स्थिति अब होने लगी सामान्य*

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** सरकार ने 9 मार्च को कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई पर रोक लगाई थी, वह रोक हटा दी है। शहर में भी विभिन्न गैस सप्लाई कंपनी अब कमर्शियल सप्लाई शुरू करने की तैयारी कर रही है। इस हफ्ते राहत मिलने के आसार है। वहीं सिलेंडरों की कालाबाजारी और अवैध भंडारण को रोकने के लिए देशभर में छापेमारी तेज कर दी गई है। सरकार ने कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं को घबराने की जरूरत नहीं है। शहर में घरेलू गैस को लेकर अब स्थिति सामान्य होने लगी है उपभोक्ताओं को गत सप्ताह की तरह परेशान नहीं होना पड़ रहा है। कुछ ऐसी गैस एजेंसी पर जरूर लोड है लेकिन वे भी अब आपूर्ति कर रही है।कल रविवार को भी सप्लाई चालू रही। इधर बताया जा रहा है कि सरकार द्वारा कमर्शियल गैस सप्लाई से रोक हटा दी गई है जिसके बाद अब एलपीजी सप्लाई कंपनियां कमर्शियल गैस की सप्लाई शुरू करने की तैयारी कर चुकी है। इस हफ्ते में कमर्शियल गैस को लेकर भी राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। शुरुआती दौर में बड़े प्लांट पर खपत के अनुसार सप्लाई शुरू किया जा रहा है हालांकि एक सप्ताह से अधिक समय पूर्ण आपूर्ति में लग सकता है लेकिन इस हफ्ते में राहत मिलने की पूरी उम्मीद है।

# माँ बिजासन के भक्तों ने जमीन के लिए बांधी काली पट्टी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

माँ बिजासन के भक्तों ने बिजासन सांस्कृतिक चेतना सेवा समिति के माध्यम से कल काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया और मांग की कि बिजासन माता इंदौर की कुलदेवी के मंदिर की 21 एकड़ जमीन को अलग-अलग विभागों में बांटकर संकुचित कर दिया गया है, अब दो एकड़ जमीन बची हुई है। इस कारण माँ बिजासन मंदिर पर लगने वाले नवरात्रि मेला से लेकर अन्य आयोजन में काफी दिक्कत आती है। अभी नवरात्रि शुरू होने वाली है और लाखों की संख्या में नवरात्रि में माँ के भक्त दर्शन के लिए पहुंचते हैं, इसलिए इस पर प्रशासन को संज्ञान लेकर संबंधित केन्द्र और प्रदेश सरकार के विभाग से चर्चा करना चाहिए। कल यह भी कहा गया कि बिजासन परिसर स्थित माता रानी के शेर की गुफा, भेरू महाराज का मंदिर जो बीएसएफ ने कब्जे में ले रखा है, एयरपोर्ट की बाउंड्री, वन विभाग द्वारा फेंसिंग कर रोकी गई जगह, मेट्रो द्वारा






अधिग्रहण की गई जगह और बीएसएफ द्वारा किया गया दिन प्रतिदिन बढ़ता अवैध कब्जा यहां से मुक्त हो और हमारे धार्मिक स्थल सुरक्षित रहे और भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति ना हो यही विरोध प्रदर्शन काली पट्टी बांधकर बिजासन माता मंदिर पर किया गया। राजनाथ योगी, प्रकाश गुरुजी, रतनवन गोस्वामी, नकूल गोस्वामी, भूपेन्द्र पोद्दार, संजय तिवारी, तेजाराम परमार, सुभाष कापसे, कन्हैलाल परमार, आरसी शुक्ला, रमेशचन्द्र पाल सहित अन्य ने माँ बिजासन मंदिर परिसर की जमीन के लिए एकजुट होकर काली पट्टी बांधे हुए थे और सभी को आगामी नवरात्रि की चिंता भी थी कि भक्त बड़ी संख्या में आएंगे।

# भागीरथपुरा को अभी भी नहीं मिल पा रहा है नल से जल

## *निगम द्वारा शुरू कराए गए काम अभी तक पड़े हैं अधूरे*

### कामों की स्थिति को देखकर आयुक्त ने दिए तेजी से काम करने के निर्देश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भागीरथपुरा में हुए दूषित जल हादसे के बाद से वहां पर नल से जल वितरण बंद किया गया था। अभी तक पूरे क्षेत्र में नल से जल शुरू नहीं हो सका है। निगम द्वारा वहां पर शुरू कराए गए काम अभी भी अधूरे हैं। इन कामों की स्थिति को देखकर निगम आयुक्त ने अब तेजी से काम करने के निर्देश दिए हैं।

भागीरथपुरा में गंदा और दूषित जल सप्लाई किए जाने के कारण 36 लोगों की मौत हो गई थी। उस समय पर नगर निगम के द्वारा पूरे भागीरथपुरा क्षेत्र में नल से जलप्रदाय का काम बंद कर दिया गया था। उस समय पर निगम की ओर से टैंकर शुरू किए गए थे और क्षेत्र के नागरिकों से कहा गया था कि वह टैंकर से पानी लेकर उसे पानी का उपयोग पीने के पानी के रूप में करें।



इसके साथ ही नगर निगम द्वारा भागीरथपुरा में नई पानी और ड्रेनेज की लाइन डालने का काम शुरू किया गया था। वहां के 60 प्रतिशत एरिये में तो अब तक यह काम पूरा हो चुका है और उस एरिया में लोगों को नल से जल मिलना भी शुरू हो गया है। शेष बचे हुए क्षेत्र में यह काम अभी भी चल रहा है। काम की गति इतनी धीमी है कि यह काम फरवरी में पूरा हो जाना था जो कि अभी तक अधूरा है। नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल भागीरथपुरा क्षेत्र का दौरा करने के लिए पहुंचे। उन्होंने जहां पर काम बंद हो चुका है वहां पर लोगों से जाकर मुलाकात की तो लोगों ने बताया कि अभी तक नल से साफ और अच्छा पानी आ रहा है, उन्हें कोई शिकायत नहीं है। इसके साथ ही आयुक्त के द्वारा उन क्षेत्रों का भी दौरा किया गया जहां पर की अभी तक काम पूरा नहीं हो सका है। इस काम को तत्काल और जल्दी से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से कहा कि अभी तक आपके पास पानी टैंकर के माध्यम से आ रहा था लेकिन जल्द ही आपको नल से जल मिलना शुरू हो जाएगा।



# उपभोक्ता विवाद के 91 प्रकरणों का निराकरण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग के अध्यक्ष विकास राय ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में मुख्य जिला उपभोक्ता आयोग क्रमांक-2 में 44, सम्बद्ध जिला आयोग इंदौर क्रमांक-1 में 30 एवं जिला आयोग मण्डलेश्वर में 17 प्रकरणों का निराकरण किया गए। कुल 91 प्रकरणों का निराकरण आपसी राजीनामे के आधार पर किया गया। जिनमें कुल एक करोड़ 22 लाख 11 हजार 137 रुपये की राशि के अवॉर्ड पारित किये गये।

# अलीजा के दूर से ही होंगे शिखर दर्शन

## 51 फीट ऊंचा बनेगा वीर बगीची पर शिखर, 251 किलो चांदी से गर्भगृह 2027 में हनुमान जन्मोत्सव पर बनेगा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**पंचकुइया रोड स्थित वीर अलीजा हनुमान मंदिर का 200 साल बाद जीर्णोद्धार किया जा रहा है। 251 किलो चांदी से गर्भगृह तैयार किया जा रहा है,वही 51 फीट ऊंचा शिखर भी बनेगा,जिसके बाद दूर से ही शिखर दर्शन हो सकेंगे।**

अलीजा दरबार मध्यक्षेत्र में श्रद्धालुओं की बड़ी आस्था का केंद्र है। कई श्रद्धालु रोजाना अलीजा के दर्शन करने पहुंचते हैं, तो शनिवार और मंगलवार को दर्शन के लिए कतार भी लगती है।मंदिर के गादीपति पवनानंद महाराज ने बताया कि मंदिर के जीर्णोद्धार का काम चल रहा है। फिलहाल मंदिर में करीब 20 से 25 फीट ऊंचा शिखर बना हुआ है, लेकिन अब करीब 51 फीट ऊंचा शिखर बनेगा। दूर से ही श्रद्धालुओं को शिखर दर्शन होंगे। आसपास के रहवासी अपने घरों की छतों से शिखर दर्शन कर सकेंगे। इसके अलावा 251 किलो चांदी से मंदिर के गर्भगृह का निर्माण होना है इसके लिए स्ट्रक्चर बनाने का काम किया जा रहा है। जल्द ही लकड़ी का स्ट्रक्चर बनेगा,इसके बाद चांदी का काम किया जाएगा। अगले वर्ष 2027 में आने वाले हनुमान जन्मोत्सव से पहले मंदिर के जीर्णोद्धार के काम पूर्ण करने का टारगेट रखा गया है।

### कारीगर भी धोती पहनकर कर रहे है काम

अलीजा दरबार में वैसे तो मुख्य द्वार और बाहर बड़ा ओटला बनकर तैयार हो चुका है। लेकिन गर्भ गृह में फिलहाल काम जारी है। गर्भगृह को पहले बड़ा कर टाइल्स लगाई गई, अब लकड़ी का काम होगा,जिसके बाद चांदी से सरकार का गर्भगृह का कार्य शुरू होगा। इन सभी कार्यों में खास तौर पर मंदिर की मर्यादाओं और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। गर्भगृह में काम करने वाले मजदूर धोती पहन कर काम कर रहे है।



### चांदी में स्थिरता का इंतजार

बीते कुछ माह से चांदी के भाव में अस्थिरता बनी हुई है। चांदी के भाव में बड़ा फर्क भी आ रहा है। इसके चलते गर्भगृह में चांदी के सिंहासन बनाकर संवारने में चांदी के भाव में स्थिरता का इंतजार करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कई श्रद्धालुओं ने चांदी के लिए सहयोग किया है और कइयों ने आगामी दिनों सहयोग के लिए कहा है। दूसरी ओर इसके लिए भक्त सहयोग भी कर रहे है। लेकिन चांदी में बड़े पैमाने पर हो रही अस्थिरता के कारण स्थिरता का इंतजार किया जा रहा है।

### 200 साल बाद जीर्णोद्धार

मंदिर के गादीपति पवनानंद महाराज ने बताया कि मंदिर का इतिहास बहुत प्राचीन है। लेकिन जीणोद्धार लगभग 200 साल बाद हो रहा है। हालांकि फिलहाल जो मंदिर बना हुआ है वह काफी मजबूत निर्माण है। लेकिन व्यवस्थाओं की दृष्टि से बदलाव किए जा रहे हैं, जिससे दर्शनार्थीयो को सुगमता हो।

---

# बाबा रणजीत के दरबार में सुबह से रात तक होगा कीर्तन

## राम नवमी और हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियां शुरू

### मनोहारी दर्शन होंगे फूल बंगला भी सजेगा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**शहर की बड़ी आस्था का केन्द्र रणजीत हनुमान मंदिर पर रामनवमी और हनुमान जयंती की तैयारियां चल रही है। दोनों अवसर पर भगवान का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। रामनवमी से अखंड रामायण पाठ शुरू होगा। हनुमान जन्मोत्सव पर सुबह से रात तक मंदिर परिसर में कीर्तन होगा।**

रणजीत हनुमान मदिर पर जीर्णोद्धार जारी है। मंदिर के मुख्य द्वार के सामने से प्रवेश भी बंद है, मंदिर के एक ओर खुदाई कार्य किया जा रहा है ऐसे में रामनवमी और हनुमान जन्मोत्सव के आयोजन बडी चुनौती बने हुए है। हालांकि इसके लिए मंदिर प्रशासन ने व्यवस्थाएं की है। मंदिर के पुजारी पं. दीपेश व्यास ने बताया कि रामनवमी पर बाबा रणजीत और भगवान राम का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर में चल रहे निर्माण कार्य के कारण इस वर्ष थीम सज्जा नहीं की जाएगी। दर्शनार्थियों की सुगमता के लिए मैदान से प्रवेश की व्यवस्था की जाएगी। लाइन में कूलर लगाए जाएंगे। वहीं पानी, शरबत सहित अन्य प्रसाद भी वितरित होंगे। दोपहर 12 बजे भगवान राम की जन्माआरती होगी। 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर बाबा रणजीत की सुबह 6 बजे आरती होगी जिसके बाद दिन भर दर्शन का क्रम जारी रहेगा। मैदान में सुबह से देर रात तक कीर्तन का आयोजन होगा। इन्दौर सहित देशभर से आए भजन गायक लगातार भजनों की प्रस्तुति देंगे। कुल मिलाकर रामनवमी और हनुमान जयंती की तैयारियां जोरों पर है।



---

# भागीरथपुरा कांड के बाद नगर निगम को सता रही टैंकर के पानी की सुरक्षा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** गर्मियों का मौसम आने के बाद पानी की डिमांड तेजी से शहर में बढ़ने लगी है। 85 वार्डों में से अधिकांश वार्ड की पार्षद टैंकर देने की डिमांड कर रहे हैं ऐसे में नगर निगम जल्द ही 100 टैंकर किराए पर लेकर जल वितरण का काम तेजी से शुरू करने वाला है लेकिन इस बार नगर निगम के अधिकारियों को भगीरथपुरा कांड चिंता में डाल रहा है जिसके चलते निगम की टैंकरों को लेकर चिंता बढ़ गई है, इसीलिए नगर निगम पानी की टंकी ऊपर बनाए गए हाइड्रेंट की सुरक्षा इस बार और अधिक सख्त करने जा रहा है ताकि टैंकरों के पानी को सुरक्षित वितरित किया जा सके।।

### हाइड्रेंट पर सीसीटीवी कैमरे और गार्ड तैनात करने की प्लानिंग

इधर इंदौर हाई कोर्ट में भागीरथपुरा कांड की परतें धीरे-धीरे खोल रही है सुनवाई के दौरान भी यह सामने आ रहा है कि कोई केमिकल युक्त पदार्थ भागीरथपुरा पानी की टंकी में डाली गई थी जिसके कारण 35 मौत हुई। पिछले दिनों गर्मियों में होने वाले टेंकरों से जल वितरण संबंधी काम की समीक्षा निगम आयुक्त द्वारा की गई। इस दौरान उन्होंने सभी जोन इंजीनियरों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि टैंकर जल वितरण व्यवस्था में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सभी टैंकरों को भरने से पहले अच्छे से साफ किया जाए, पानी की जांच प्रतिदिन करें जो पानी टैंकर में भरा जा रहा है उसकी गुणवत्ता एवं टेस्ट टीडीएस सहित अन्य जांच आवश्यक रूप से करें इसके बाद ही टेंकरों को जल वितरण के लिए रवाना करें। नगर निगम आयुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा कि अगर जल वितरण में कोई गड़बड़ी या लापरवाही सामने आती है तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित जोन इंजीनियर और जोन अधिकारी की होगी।।

निगम आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी स्थानों पर नर्मदा के पानी का वितरण किया जाए, पानी की टंकियां को पूरी क्षमता के साथ भरी जाए ताकि टैंकर में उपयोग होने वाले पानी की कमी नहीं रहे, इसके अलावा जहां पर बोरिंग के पानी का उपयोग जल वितरण के लिए किया जा रहा है वहां विशेष सतर्कता बरती जाए बोरिंग के पानी की जांच समय-समय पर की जाए और जल वितरण के दौरान लोगों को पीने एवं अन्य कार्यों के लिए उपयोग किए जाने वाले पानी के बारे में जानकारी दी जाए टैंकर से किस प्रकार का पानी वितरित किया जा रहा है इसकी भी जानकारी संबंधित टैंकर चालक की होगी उसे नागरिकों को यह बताना होगा कि कौन सा पानी कहां उपयोग किया जा सकता है। साथ ही यह भी बताया गया है कि अत्यंत आवश्यक होने पर ही बोरिंग के पानी का इस्तेमाल जल्दी तुरंत अव्यवस्था में करें किसी भी स्थिति में जल वितरण से संबंधित कोई व्यवस्था नहीं होनी चाहिए।। बीते वर्ष जल वितरण व्यवस्था में 550 कुल पानी के टैंकर लगाए गए थे जिसमें से 100 नगर निगम के टैंकर है बाकी 450 टैंकर निगम ने किराए पर लिए थे, वर्तमान में भी टैंकरों की डिमांड पार्षदों द्वारा लगातार की जा रही है।

---





# ईद के लिए ईदगाह पर हुआ कलर

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मुस्लिम समाज का सबसे बड़ा पर्व रमजान की इबादत के बाद ईद का आ रहा है। सभी बेसब्री से इस पवित्र माह के बाद ईद का इंतजार कर रहे हैं। सदर बाजार स्थित ईदगाह में ईद के लिए कलर किया गया है, जो अंतिम दौर में पहुंच गया है, बाहर से लेकर अन्दर तक हरा और सफेद रंग रोगन कर सफाई भी की गई है।

# परशुराम सेना का फाग उत्सव

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

श्री परशुराम सेना, सबके राम लोक कल्याण समिति द्वारा राधा कृष्ण फाग उत्सव का आयोजन किया गया। अनूप शुक्ला ने बताया कि बच्चे भगवान स्वरूप में आए तो उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। प्रकाश शर्मा, प्रवीणा अग्निहोत्री, विजेंद्र दीक्षित,



मोनेश जोशी, दीपक शर्मा, संजय मिश्रा, मोनिका शर्मा, मोनिका दुबे, मीनू शर्मा, विजेता जोशी, प्रमिला शर्मा, मनीमाला शर्मा, दीपिका शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।



## ज्यूस व्यवसाई ने लिया महाराज से आशीर्वाद

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** कथावाचक प.इंद्रेश उपाध्याय महाराज से सागर ज्यूस के संचालक पुष्पक सागर ने आशीर्वाद लिया। सागर ने विमानतल पर स्वागत के बाद पंचकुइया राम मंदिर पर मुलाकात की।

## जैन महिलाओं ने किया 6 त्योहारों की थीम पर आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अ.भा. श्वेताम्बर जैन महिला संघ के 'खुशियों के रंग, त्योहारों के संग' आयोजन में महिलाओं ने छह प्रमुख त्योहारों की थीम पर नृत्य नाटिकाओं और रैंप वॉक के माध्यम से भारतीय संस्कृति की जीवंत प्रस्तुति दी। नृत्य नाटिका भी की गई। ग्रैंड फिनाले और अलंकरण सम्मान का आयोजन भी हुआ,





जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहे। विजया-अजय जैन, रेखा जैन, वंदना-रितेश जैन, पूजा-कपिल जैन, सुशीला बेताला, स्नेहा कटारिया, टीना जैन ने अपनी भूमिका निभाई।



## वाहन रैली में दिखी सिंधी समाज की एकता

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सिंधी समाज की सभी पंचायत संगठन, युवा, महिला की सहभागिता से कल चेटीचंड महोत्सव के अन्तर्गत एकता संदेश वाहन यात्रा सामाजिक एकता के रूप में नजर आई। दशहरा मैदान से सिंधी कालोनी तक यह यात्रा निकली। पंकज फतेहचंदानी ने बताया कि बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे और कई मंचों से इस यात्रा का स्वागत भी किया गया। भगवान झूलेलालजी के जयकारे भी लगे। युवा और महिलाओं ने रैली की बागडोर वरिष्ठों के मार्गदर्शन में संभाल रखी थी। सेवादारों ने रास्ते में व्यवस्था को चाकचौबंद किया। समापन पर भगवान झूलेलालजी की आरती की गई, प्रसाद का वितरण हुआ। मनीष रिझवानी, राहुल रिझवानी, विशाल गिदवानी, संतोष वाधवानी ने भी अपनी भूमिका निभाई।

## भागवत में कृष्ण-राम जन्मोत्सव

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** लक्ष्य राम सत्संग भवन उषा नगर में संत हरिराम महाराज के श्रीमुख से चल रही भागवत कथा में कृष्ण एवं राम जन्मोत्सव मनाया गया। कथा 18 मार्च तक दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक जारी रहेगी।





## गणगौर बाना निकाला

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार मेवाडा समाज की महिलाओं द्वारा गणगौर का बाना निकाला गया। हीरामणि सोनी, सुषमा सोनी, शारदा सोनी, सुनीता सोनी मौजूद थी।

## युवा यादव संघ ने किया आयोजन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** यादव युवा अहीर संघ द्वारा फाग महोत्सव, भजन संध्या एवं स्नेह भोज का आयोजन किया। कोमल यादव, अभय यादव, सुनील यादव, डॉ. आरके यादव, निर्मला यादव, आईपीएस यादव, अभय यादव, कोमल यादव, गुलशन यादव, सदाशिव यादव काका मौजूद थे।



## जोशी को उद्यमिता मामले में मिला पुरस्कार

**इंदौर।** मप्र की प्रशिक्षार्थी ज्योत्सना जोशी ने राष्ट्रीय स्तर के नवोन्मेष प्रोत्साहन कार्यक्रम में सेंटीमेंटल स्टिच नामक अपनी एकल आइडिया प्रस्तुति के लिए 'नवोन्मेष प्रोत्साहन स्पर्धा' के अपैरल सेक्टर में सफलतापूर्वक तृतीय स्थान प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्हें इस उपलब्धि के लिए भारत सरकार की ओर से 50,000 रु. की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। कई लोगों ने बधाई दी।



## माँ वैष्णो देवी ग्रुप का फाग उत्सव



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** माँ वैष्णो देवी जोशी ब्राह्मण महिला मंडल एवं माँ वैष्णो देवी मंडल द्वारा फाग उत्सव मनाया गया। रंग-बिरंगी टोपी पहनकर फाग उत्सव बजरबट्टू की तर्ज पर मनाया गया। राजू शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, अतुल बंसल, आलोक तिवारी, मनीष तिवारी, काशी मिश्रा, गोपाल भारद्वाज, परमजीत मैकन, धनराज दामके का स्वागत धर्मेन्द्र जोशी ने किया। दिलीप सोलंकी, हेमराज सेन, रजत जोशी, चिराग जोशी, अभिषेक जोशी, हेमराज सेन, दशरथ बिजोरे, टोनी भावसार की मौजूदगी में महिला अतिथियों का स्वागत रोशनी जोशी, गीता जोशी, सोना जोशी, संतोषी झिंजोरे, पूनम वर्मा, दीपिका बुंदेला, मोनिका शुक्ला ने किया।

## मेटांगे परिवार ने कराया रोजा इफ्तार

**इंदौर।** सर्वधर्म समभाव के साथ मेटांगे परिवार ने रविवार को जूनी इंदौर मे रोजदारों के लिए रोजा इफ्तार का आयोजन किया। राहुल मेटांगे, प्रतिभा मेटांगे, विक्रम मेटांगे, मुरलीधर मेटांगे, विनय मेटांगे, आसिफ खान, गोलू बेग, इमरान खान, सलमान खान, अभय उपाध्याय, अर्चना मेटांगे, दीपिका मेटांगे, नेहा मेटांगे मौजूद रहे।



## बैंक रिटायर फेडरेशन पदाधिकारियों की बैठक





**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** ऑल इंडिया बैंक रिटायरिज फेडरेशन के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक होटल में आयोजित की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष एसएम देशपाण्डे, राष्ट्रीय महासचिव शरबतचंद जैन एवं अन्य भी मौजूद थे। लम्बित मांगों को लेकर चर्चा की गई। सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए राज्य में संगठनों द्वारा धरना, प्रदर्शन क्षेत्रीय सांसद को ज्ञापन भी दिए जाएंगे। पूर्व में भी ज्ञापन दिए जा चुके हैं।



## खटीक समाज ने निकाली फांसी की मांग पर रैली

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** खटीक समाजजनों ने दिल्ली में हुई तरुण खटीक की हत्या के विरोध में रैली निकालकर हत्यारों को फांसी देने की मांग की। श्याम सिलावट, आनंद सिलावट, अमन सिलावट, योगेश सिलावट, मामू सिलावट, अजय सिलावट, रंजीत सिलावट, हंस सिलावट, पप्पू सिलावट, दीपक सिलावटस शशिकांत सिलावट उपस्थित थे।

# माहेश्वरी रॉयल्स के आयोजन में विजेताओं को पुरस्कार

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



माहेश्वरी रॉयल्स के संरक्षक कमलेश सीमा गगरानी ने बताया कि प्रथम सभा राजस्थान रजवाड़ी थीम पर आयोजित की गई। बड़ी संख्या में रॉयल दम्पतियों ने शिरकत की। बेस्ट कपल अमरचंद सरिता सोनी, बेस्ट मेल दिनेश जाजू, बालकिशन मूंदड़ा, बेस्ट फीमेल रेणु कांसट को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में सागरमल उषा खटोड़, राजेश स्मिता मूंगड, अजय सरिता सोडाणी, प्रकाश शारदा अजमेरा, ओम कृष्ण मंत्री, गोपाल पुष्पा मंत्री, अनुराधा प्रदीप राठी, सुरेश सुषमा चिंचानी, आशीष आभा मंत्री, सुरेश मधु जाजू, मधुसूदन अल्का सोडाणी, शरद सरला साबू मौजूद थे। शोभ माहेश्वरी, पुष्पा मोलासरिया का पद पर सम्मान भी किया गया।



## हवन के साथ हुआ शिवमहापुराण का समापन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्रीनगर मेन स्थित गार्डन में शिवमहापुराण कथा का समापन हवन के साथ हुआ। श्रद्धालुओं ने पं. शिवदत्त शर्मा के मुखारबिंद से शिवमहापुराण का श्रवण किया। प्रदीप बिरदी, रीता टंडन, रीटा बैजल, उर्वशी बिरदी, इंदु टंडन, ममता सेठ ने व्यासपीठ का पूजन किया। निर्मल मेहरा, श्याम मेहता, सुनील कत्याल, प्रबोध आहूजा, शशि बैजल, दीपक कपूर, संजय कपूर, हरीश कपूर मौजूद थे।



## संत सम्मेलन के लिए जगद्गुरु शंकराचार्य को न्योता

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** एरोड्रम रोड स्थित अखंड धाम आश्रम पर होने वाले अ.भा. अखंड वेदांत संत सम्मेलन का न्योता द्वारकापीठ के जगद्गुरु स्वामी सदानंद सरस्वती को भेंट किया गया। शंकराचार्यजी इंदौर प्रवास पर हैं। उन्हें शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित भी किया गया। 23 से 29 दिसम्बर तक होने वाले सम्मेलन के लिए उन्हे न्यौता दिया गया। इस अवसर पर डॉ. चेतन स्वरूप, हरि अग्रवाल, विजय सिंह परिहार, अशोक गोयल, हेमंत खंडेलवाल, राहुल शर्मा, ओम कछवाहा सांवरिया मौजूद थे।

## शक्ति अवार्ड से सम्मानित होगी मातृशक्तियां

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** वुमंस प्रेस क्लब म.प्र. द्वारा 18 मार्च को जाल सभागृह में शक्ति अवार्ड का आयोजन किया जाएगा। महिलाओं के योगदान पर अतिथि वक्ता द्वारा विचार भी रखे जाएंगे। आयोजन में मुख्य रूप से न्यायमूर्ति श्री विजयकुमार शुक्ला और म.प्र. लोकसेवा आयोग की राखी सहाय मौजूद रहेंगे। अलग-अलग क्षेत्र की 27 मातृशक्ति को शक्ति अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। आयोजन से शीतल राय, रचना जौहरी, ऋतु साहू, डॉ. कल्पना सक्सेना, सोनाली यादव जुडी है।



## 250 अग्रबंधुओं ने करवाया नेत्र परीक्षण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अग्रवाल समाज हाइवे क्षेत्र के अग्रवाल-वैश्य परिवारों के लिए कल रविवार को सुबह निहार नेत्रालय एवं आई हॉस्पिटल के सहयोग से वरिष्ठ नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. महेश गर्ग एवं उनकी टीम के 20 सदस्यों द्वारा 250 समाज बंधुओं का निशुल्क नेत्र परीक्षण वरुण विक्ट्री परिसर में आयोजित शिविर में किया गया। इस दौरान 110 लोगों का चयन चश्मा वितरण के लिए भी किया गया। इस अवसर पर अरविन्द बागड़ी, प्रकाश अग्रवाल मोमबत्ती, मनीष अग्रवाल मन्नू, दिलीप अग्रवाल, निधि बागड़ी, विकास मित्तल, घनश्याम मित्तल, अनिल अग्रवाल, सतीश गोयल, नारायण लव अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल मौजूद थे।

## सांई भक्तों ने अस्पताल में की खिचड़ी वितरित

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



श्री देवी अहिल्या साई सोशल भक्त समिति द्वारा आयोजित 21 दिवसीय साईं बाबा महोत्सव में अरबिंदो अस्पताल में खिचड़ी वितरित की गई। रामनवमी के अवसर पर होने वाले सांई बाबा महोत्सव में शहर के विभिन्न अस्पतालों एवं प्रमुख चौराहों पर श्री बाबा का खिचड़ी प्रसाद एवं शरबत प्रसादी वितरण 9 मार्च से लगातार किया जा रहा है। रविवार को अराबिंदो अस्पताल में मरीजों में खिचड़ी वितरण हुआ। 27 मार्च को रामनवमी पर श्री रामजी एवं सांई बाबा की शोभायात्रा छोटा गणपति मल्हारगंज थाने से प्रारंभ होगी जिसका समापन सांई मंदिर कोठरी मार्केट पर होगा। उक्त जानकारी अजय बियाणी, गिरीश चितले, राजेश चौकसे ने दी।

## अग्रवाल समाज के 22 युगलों का विवाह

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अग्रवाल समाज द्वारा निजी गार्डन में 22 युगलों का विवाह समारोह गठबंधन का आयोजन कल से शुरू हुआ। आज विवाह की विभिन्न रस्मे अदा की जा रही है। इसके लिए खजराना गणेश और कुलदेवी महालक्ष्मी को भी संस्था द्वारा प्रथम निमंत्रण दिया गया था। इस अवसर पर अरविन्द बागड़ी, विनोद अग्रवाल, दिनेश मित्तल, सुनील, डॉ. पवन सिंघानिया, टीकमचंद गर्ग, रामबाबू अग्रवाल, जगदीश बाबाश्री, महेश मित्तल, अरविन्द वेल्यूअर,विनोद सिंघानिया, गोविंद मंगल, के.के. गोयल, वर्षा बंसल, दिव्या गुप्ता, गायत्रीदेवी अग्रवाल, डॉ. संध्या गुप्ता मौजूद थे।

## बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया का बजा चुनावी बिगुल

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया भारतीय बौद्ध महासभा के अशोक कुमार आसैया द्वारा निर्वाचन संबंधी प्रक्रिया हेतु निर्देश जारी कर दिए गए हैं। कार्यकारिणी के मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष, जिला महासचिव और जिला कोषाध्यक्ष के निर्वाचन हेतु नामांकन फार्म का वितरण परदेशीपुरा में प्रारम्भ हुआ। 18 मार्च तक नामांकन फार्म मिलेगा, जिसके बाद 19 मार्च को फार्म जमा कर जांच की जाएगी और नामांकन वापसी भी हो सकेगी। जरूरत पडी तो चुनाव होंगे जिसकी तिथि भी उसी दिन घोषित होगी। उक्त जानकारी चिंतामण पगारे और सुरेश वानखेडे ने दी।

## 200 प्रत्याशियों ने दिया परिचय

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



सर्व ब्राह्मण संगठन खातेगांव, कन्नौद, सतवास का परिचय सम्मेलन बिचौली मर्दाना स्थित गार्डन में आयोजित किया गया। इसमें करीब 200 से अधिक विवाह योग्य युवक-युवतियों ने मंच पर परिचय दिया। इसमें कुछ रिश्ते तय हुए तो कुछ की बात शुरू हुई। आयोजन में खातेगांव, कन्नौद, सतवास से आए समाजसेवियों का सम्मान किया गया। उल्लेखनीय है कि सम्मेलन खासतौर पर इन विभिन्न गांवों से इन्दौर में निवासरत युवक-युवतियों के लिए आयोजित किया गया। समाज की परिचय पुस्तिका परिचय संगम का भी विमोचन किया गया। इसमें समाज के करीब 450 युवक युवतियों की जानकारी संग्रहित की गई है। इस अवसर पर राजेश हरदेनिया, प्रद्युम्न दीक्षित, संजय परसाई, लखन तिवारी, डॉ. सुभाष जोशी, दिनेश तिवारी, राजेश तिवारी, हरिओम दुबे, शैलेन्द्र शर्मा, संतोष तिवारी मौजूद थे।



## पण्डित उपाध्याय पहुंचे राम मंदिर

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

पंचकुइया स्थित श्रीराम मंदिर आश्रम में वृंदावन से कथावाचक पं.इंद्रेश उपाध्याय पहुंचे, उन्होंने भगवान टीकमजी के दर्शन कर पूजन अर्चन किया। भक्तों ने स्वागत किया। पं. इंद्रेश उपाध्याय की जगन्नाथ...चका नैन रचना इन दिनों प्रसिद्ध हो रही है। ब्रह्मलीन लक्ष्मणदास महाराज, महंत गंगादास महाराज फलाहारी बाबा के चित्र पर माल्यार्पण भी किया। इस दौरान महामंडलेश्वर रामगोपालदास महाराज, मंहत जानकी वल्लभदास महाराज, अनिरुद्धदास महाराज, हरि अग्रवाल, नारायण गोयल, अशोक बीदासरिया, हिमांशु चमोली, राकेश प्रजापति, सागर अग्रवाल मौजूद थे।

# रामनवमी पर मिलेगी चौधरी पार्क के हनुमान मंदिर तक सैकड़ों परिवारों को नई सड़क की सौगात

### अभिषेक नगर से प्रभु तौल कांटे तक चल रहा डेढ़ करोड़ लागत वाली पहले से दुगनी चौड़ी सड़क निर्माण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** इसी माह आने वाली रामनवमी तक विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 51 के हजारों रहवासी परिवारों को चौधरी पार्क के हनुमान मंदिर तक नई लंबी - चौड़ी सड़क की सौगात मिलने वाली है। जिसका वर्तमान में आधे से ज्यादा काम पूरा हो चुका है। अभिषेक नगर से प्रभु तौल कांटे तक एक साइड के बड़े हिस्से में आधी से ज्यादा सड़क एक पट्टी में पूरी तरह से तैयार हो गई है। वही निगम द्वारा दूसरी पट्टी में भी सड़क निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है।

बताया जा रहा है कि अगले कुछ दिनों में चौधरी पार्क नाले से लेकर अभिषेक नगर और चौधरी पार्क हनुमान मंदिर तक क्षेत्र के रहवासियों को पहले से दुगनी चौड़ी सड़क की सौगात जल्द मिलने वाली है। जिसका वर्तमान में दिन-रात तेजी के साथ काम चल रहा है।

**मुख्य रोड पर ओटले बनाकर कब्जा कर सड़क संकरी करने वालों पर आपत्ति-** यही नहीं इधर क्षेत्र के रहवासियों का कहना है कि अभिषेक नगर से प्रभु तौल कांटा तक बन रही मुख्य सड़क के निर्माण में



कुछ जगह बाधक निर्माण के कारण मुख्य सड़क आगे जाकर अग्रवाल कचोरी की गली में बड़ी लाइन के पास दुकानों और मकानों के बाहर सड़क पर कब्जा कर बनाए ओटलों और अन्य निर्माण के कारण संकरी हो रही है। जिसको लेकर यहां के रहवासी परिवारों ने विधायक हार्डिया और पार्षद कटारिया के साथ निगम अधिकारियों के सामने भी आपत्ति जताई है। यहां के लोगों का साफ कहना है कि लंबे समय से के बाद बन रही करोड़ों रुपए की लागत वाली सड़क की चौड़ाई चौधरी पार्क नाले से लेकर प्रभु तौल कांटे तक एक जैसी होना चाहिए। हालांकि इस मामले में पार्षद कटारिया ने महापौर को भी अवगत करा दिया है महापौर के निर्देश के बाद अधिकारी बाधक निर्माण और ओटले तोड़कर सड़क चौड़ी कर आगे की सड़क बनाने की बात कर रहें है। हालांकि अभी रहवासी क्षेत्र की आधी से ज्यादा सड़क बनकर तैयार हो चुकी है जो दूर से नजर भी आने लगी है।

# 60 साल से ज्यादा पुरानी बीमा हॉस्पिटल की इमारत तोड़फोड़ के बाद मलबे के ढेर में तब्दील



**इंदौर।** नंदा नगर क्षेत्र में पिछले साल करोड़ों रुपए की लागत से नई बीमा हॉस्पिटल की सौगात मिली थी। वहीं अब अस्पताल प्रबंधन द्वारा 60 साल से ज्यादा पुराने हॉस्पिटल की इमारत को डिस्मेंटल कर तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू कर दी है। जिसके तहत पुराने हॉस्पिटल को खाली कर नए अस्पताल में शिफ्टिंग के बाद प्रबंधन द्वारा पुरानी इमारत को तोड़ने की कार्रवाई की जा रही है। इसके बाद सालों पुराने इस अस्पताल की की इमारत धीरे-धीरे मलबे के ढेर में तब्दील हो रही है। कहां जा रहा है कि आने वाले दिनों में यहां अस्पताल की नई बिल्डिंग तैयार की जाएगी। ताकि यहां प्रदेशभर से बीमा धारक मरीज अपने इलाज के लिए आने वालों को इसका फायदा मिलेगा।

**पिछले साल मिली थी करोड़ों की लागत वाले बड़े हॉस्पिटल की सौगात-** गौरतलब है कि पिछले साल केंद्र सरकार के करोड़ों रुपए की लागत वाले बड़े प्रोजेक्ट के तहत विधानसभा दो के नंदानगर क्षेत्र में लाखों लोगों के कम खर्च में बेहतर इलाज की सुविधा के लिए चार मंजिला भव्य आधुनिक सुविधाओं वाले नए हॉस्पिटल की बिल्डिंग तैयार कर इसका लोकार्पण कर आमजन को सौंपा गया। जहां रोजाना सैकड़ों मरीजों को आधुनिक नवीन हॉस्पिटल बिल्डिंग में पहले से बेहतर इलाज मिल रहा है। यही नहीं यहां प्रदेशभर से इलाज के लिए आने वाले मरीजों को नए अस्पताल में एक से बढ़कर एक आधुनिक मशीनों से जांच और बेहतर इलाज की सुविधा मिल रही है। वहीं बताया जा रहा है कि अब पुराने बीमा अस्पताल की बरसों पुरानी इमारत को तोड़कर आने वाले दिनों में यहां भी मरीज के साथ बाहर से आने वाले परिजनों के ठहरने की व्यवस्था एवं लोगों को बेहतर इलाज के लिए अस्पताल में अन्य सुविधाएं जुटाने के लिए जल्द यहां अस्पताल प्रबंधन नवीन निर्माण योजना पर काम शुरू करेगा। जिसको लेकर अभी नवीन प्रोजेक्ट को लेकर योजना के क्रियान्वन की प्रक्रिया चल रही है। जिस पर आने वाले दिनों में जल्द काम शुरू करने की तैयारी है।

## मुक्तिधाम से शनि मंदिर तक 10 से ज्यादा बीच सड़क पर आड़े-तिरछे खंबे और डीपी

**इंदौर।** बिजली विभाग और निगम अफसरों के आपसी ताल मेल की कमी और लम्बे समय से जिम्मेदारों के ध्यान नहीं देने से हालात यह है कि शनि मंदिर के सामने वाली गली से लेकर मुक्ति धाम तक के महज 300 मीटर हिस्से में दर्जनभर से ज्यादा बाधक बिजली के पोल पिछले डेढ़ साल से भी ज्यादा समय से सड़क के बीच ट्रैफिक में बाधा बन रहे है फिर भी अभी तक नहीं हटें। जिसको लेकर क्षेत्र के रहवासी और आसपास के व्यापारी लंबे समय से परेशान हो रहे है। हालत यह है कि निगम और बिजली विभाग के बीच आपसी ताल मेल नहीं होने और अफसरों की लापरवाही और अनदेखी का शिकार यहां से दिन-रात गुजरने वाले हजारों वाहन चालक बन रहें है।



**कई बार कर दी शिकायत फिर भी नहीं हो रही सुनवाई-** वहीं लोगों का कहना है कि पिछले डेढ़ से दो साल में कई बार शिकायत के बाद भी जिम्मेदार है कि यहां ध्यान नहीं दे रहे। इसलिए इतने समय बाद भी यहां से एक भी बाधक बिजली के पोल अभी तक नहीं हटे। बताया जा रहा है कि यहां के कुछ लोग सड़क निर्माण और चौड़ीकरण में बाधा बढ़ाने के लिए कोर्ट से स्टे भी लाए हुए है। जिसके कारण भी निगम को यहां सड़क निर्माण और चौड़ीकरण कार्य में लंबे समय से परेशानी आ रही है। गौरतलब है कि सरवटे से गंगवाल तक बनने वाली सीधी सड़क के लिए निगम लंबे समय से प्रयास कर रहा है उसके बावजूद यहां की बाधाएं है कि खत्म ही नहीं हो रही है जिसके कारण लंबे समय से यहां का काम उलझा पड़ा है।

# रामनवमी तक मिलने वाली है 10 नए चार्जिंग स्टेशन की सौगात



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** आने वाले दिनों में रामनवमी तक शहर के नागरिकों को 10 नए चार्जिंग स्टेशन की सौगात मिलने वाली है जिनका निर्माण कार्य इन दिनों तेजी के साथ चल रहा है। गौरतलब है कि पहले चरण में निगम के एआईसीटीएसएल (अटल सिटी ट्रांसपोर्ट कंपनी) ने शहर में 47 आधुनिक सुविधाओं से लैस अत्याधुनिक चार्जिंग स्टेशन का निर्माण किया था। जिनका लाभ शहर के हज़ारों लोग अपने ईवी इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज कर लें रहे है। यही नहीं वहीं अब दूसरे चरण में 37 जगह और नए चार्जिंग स्टेशन का निर्माण कार्य जल्द पूरा करने की तैयारी है। जिसके तहत सबसे पहले 10 नए चार्जिंग स्टेशन का निर्माण कार्य बेहद जल्द पूरा करने की तैयारी है।

**इन प्रमुख जगह पर दूसरे चरण में शुरू होने वाले सबसे पहले 10 स्टेशन-** एआईसीटीएसएल से जुड़े अधिकारी अभिनव चौहान बताते है पहले चरण में इंदौर शहर में निगम ने 47 स्थानों का चयन कर वहां प्रमुखता से नए सुविधाजनक चार्जिंग स्टेशन का निर्माण किया। वहीं अब अगले चरण में एआईसीटीसीएल 37 और नई चार्जिंग स्टेशन का निर्माण करने जा रहा है। जिसके तहत आने वाले दिनों में हम सबसे पहले 10 प्रमुख स्थानों पर फास्ट चार्जिंग वाले स्टेशन का निर्माण जल्द पूरा कर शहर की जनता को सौंपने वाले हैं। इनमें प्रमुख रूप से मेघदूत उद्यान के पास, सत्य साइन चौराहे के पार्किंग के पास, रघुनाथ पेट्रोल पंप के पास, मल्टी लेवल पार्किंग के पास, पलासिया आदर्श मार्ग के पास, एआईसीटीसीएल दफ्तर के बाहर, एमजीएम कॉलेज के सामने के अलावा निगम द्वारा बनाई जा रही सभी माल्टीलेवल पार्किंग के पास भी जल्द और नए चार्जिंग स्टेशन की आमजन को सौगात मिलने वाली है।

# शासकीय विवेकानंद स्कूल में नवीन सत्र से पहले मिलेगी नए खेल मैदान की सौगात

**इंदौर।** जंजीरवाला चौराहे के पास स्थित शासकीय स्वामी विवेकानंद स्कूल में आने वाले दिनों में बेहद जल्द नवीन शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले छात्रों को यहां नए खेल मैदान की सौगात मिलने वाली है। जिसको लेकर इन दिनों यहां स्कूल के पिछले वाले हिस्से में खाली पड़े मैदान पर क्षेत्रीय पार्षद नंदकिशोर पहाड़िया के प्रयासों से स्कूल के बच्चों के लिए एक ही स्थान पर बास्केटबॉल कोर्ट , बेडमिंटन कोर्ट और फुटबॉल जैसे खेल आसानी से खेलने के लिए स्कूल में खाली पड़ी जगह का उपयोग कर मैदान तैयार करवाया जा रहा है।जिसको लेकर वर्तमान में यहां तेजी के साथ काम चल रहा है। यही नहीं इसके अलावा इसी साल स्कूल में आने वाले दिनों में निगम द्वारा करीब डेढ़ करोड़ की लागत से यहां अन्य विकास कार्य भी किए जाएंगे। जिसको लेकर भी जल्द यहां काम शुरू होने वाले हैं।



यही नहीं बड़ी बात यह होगी कि यहां तैयार हो रहे हैं खेल मैदान के साथ निगम द्वारा पार्षद नंदकिशोर पहाड़िया के प्रयासों से मैदान में देर शाम तक खेल महोत्सव आराम से हो इसके लिए रोशनी के लिए आधा दर्जन से ज्यादा बिजली के नए पोल भी लगाए जा रहें है, जिन पर तेज रोशनी वाली आकर्षक लाइटिंग भी लगाई जाएगी ताकि स्कूल में फंक्शन या खेल उत्सव के दौरान होने वाले आयोजन में देर रात तक भी दूधिया रोशनी की चकाचौंध में बच्चे आसानी से गेम्स खेल सकेंगे। वहीं इसके अलावा क्षेत्रिय विधायक महेंद्र हार्डिया और पार्षद पहाड़िया के प्रयासों से साइड के लंबे-चौड़े खाली मैदान पर छह नए आधुनिक सुविधाओं वाले स्मार्ट क्लास रूम और दो बड़े हॉल के निर्माण की सौगात भी स्कूल के सैकड़ो छात्र-छात्राओं को इसी साल मिलने वाली है। जिसको लेकर भी पिछले दिनों भूमि पूजन के बाद अब यहां जल्द निर्माण कार्य भी शुरू होने वाला है।

## संपादकीय

# हजारों करोड़ बहे, गंगा अब भी मैली, नमामि गंगे के बाद भी जल की वही कहानी

भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (कैग) की ताजा रपट से उन सभी लोगों को मायूसी हुई है जो गंगा के निर्मल होने का इंतजार कर रहे थे। गंगा को स्वच्छ बनाने के लिए वर्षों से प्रयास चल रहा है। इसके लिए भारी-भरकम बजट भी आबंटित किए गए। मगर सकारात्मक नतीजे कभी सामने नहीं आए। गंगा कार्ययोजना में अपेक्षित सफलता नहीं मिलने पर करीब दशक भर पहले केंद्र सरकार ने बहुआयामी कार्यक्रम 'नमामि गंगे' की शुरुआत की थी। प्रारंभिक दौर में इसमें प्रगति भी दिखी थी और उम्मीद बंधी थी कि वर्षों से मैली हो रही गंगा धीरे-धीरे ही सही, लेकिन अब स्वच्छ हो जाएगी। निराशा की बात है कि 'नमामि गंगे' भी सही दिशा में नहीं बढ़ पाई। भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (कैग) की ताजा रपट से उन सभी लोगों को मायूसी हुई है जो गंगा के निर्मल होने का इंतजार कर रहे थे। उत्तराखंड के बजट सत्र में पेश की गई कैग की रपट बताती है कि 'नमामि गंगे' कार्यक्रम क्रियान्वयन एजंसियों की विफलता के कारण वांछित नतीजे नहीं दे पाया। गौरतलब है कि इसके लिए केंद्र ने एक हजार करोड़ की राशि मुहैया कराई थी। यह दुखद ही है कि गंगा कार्ययोजना की असफलता से नमामि गंगे से जुड़ी एजंसियों ने कोई सबक नहीं लिया। इस कार्यक्रम में खामियां ठीक वैसी ही थीं, जैसी पिछली योजना में थीं। 'नमामि गंगे' अपेक्षित परिणाम देने में क्यों विफल रही, इसे न केवल केंद्र को, बल्कि इस कार्यक्रम से जुड़े विशेषज्ञों और संबंधित अधिकारियों को गंभीरता से लेना होगा। इस परियोजना में नाकामी न केवल बड़ा आर्थिक नुकसान है, बल्कि उन सभी संकल्पों पर भी आघात है, जिनमें लोगों की यह इच्छा शामिल थी कि गंगा स्वच्छ और अविरल हो। मगर ऐसा इसलिए नहीं हुआ, क्योंकि इसमें कई स्तरों पर लापरवाही बरती गई। हैरत की बात है कि गंगा की छोटी जलधाराओं के पास कूड़ा फेंके जाने से लेकर स्थानीय जरूरतों का आकलन किए बगैर कई तटों पर श्मशान घाट बना दिए गए। कैग ने जो खामियां उजागर की हैं, वह उन अधिकारियों को क्यों नहीं दिखा जो इस कार्यक्रम के अमल के लिए जिम्मेदार थे। अवजल शोधन संयंत्र के दोषपूर्ण डिजाइन में लापरवाही क्यों और किस स्तर पर हुई? मानदंडों का उल्लंघन करने वालों की अब जवाबदेही तय की जानी चाहिए।

# हथियार लेकर घूम रहे थे पुलिस ने तीन को दबोचा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**इंदौर। शहर में अवैध हथियारों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने तीन युवकों को धारदार हथियारों के साथ पकड़कर उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किए हैं।**

एमआईजी थाना क्षेत्र में एलआईजी कॉलोनी मेन रोड स्थित एलआईजी कंपाउंड के पास पुलिस ने विकास पिपल्दे निवासी स्कीम नंबर 134 को पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से खटकेदार चाकू बरामद हुआ। वहीं कनाड़िया थाना क्षेत्र में पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाई करते हुए आरोपियों से अवैध हथियार जब्त किए। के-02 ढाबा के पास बिचौली मर्दाना क्षेत्र से अभिषेक कनारे निवासी रविदास नगर फिनिक्स टाउनशिप लसूड़िया को पकड़ा, जिसके पास से स्टील की गुप्ती बरामद हुई। गुप्ती के फल पर अंग्रेजी में बैटन (एक्स) स्वॉर्ड लिखा हुआ है और उसे कवर से निकालने के लिए बटन लगा हुआ है। इसी क्षेत्र में स्नेहजीव गार्डन के आगे भेरूबाबा मंदिर के पास पुलिस ने एक 17 वर्षीय नाबालिग को पकड़ा। तलाशी में उसके पास से चाकू बरामद किया। पुलिस ने तीनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गले से एक लाख का मंगलसूत्र झपटकर स्कूटर सवार फरार

**इन्दौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में एक अज्ञात स्कूटर सवार बदमाश ने राह चलती महिला को निशाना बनाते हुए उसके गले से करीब एक लाख रुपये मूल्य का सोने का मंगलसूत्र छीन लिया। झपट्टा मारने के दौरान महिला सड़क पर गिर गई, जिससे उन्हें चोटें भी आई हैं। पुलिस ने लूट का प्रकरण दर्ज कर क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिए हैं।

पुलिस के मुताबिक, सत्यसाईं बाग कॉलोनी निवासी संध्या पति राकेश चौहान ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह पैदल अपने घर की ओर लौट रही थीं। जब वह आइडियल इंटरनेशनल स्कूल के पास पहुँचीं, तभी पीछे से आए एक अज्ञात स्कूटर सवार ने अपनी गति धीमी की और अचानक उनके गले पर झपट्टा मारा। बदमाश इतनी तेजी से मंगलसूत्र खींचकर भागा कि महिला खुद को संभाल नहीं पाईं और नीचे गिर गईं।लुटेरा सोने का पुराना मंगलसूत्र लेकर रफूचक्कर हो गया, जिसकी बाजार में कीमत करीब एक लाख रुपये बताई जा रही है। घटना के बाद घबराई महिला ने आसपास के लोगों की मदद से थाने पहुँचकर घटना की सूचना पुलिस को दी। बाणगंगा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ लूट की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस संदिग्ध स्कूटर और हुलिए के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है। साथ ही, आस-पास के मार्गों पर लगे कैमरों की जांच की जा रही है ताकि लुटेरे के भागने के रास्ते का पता लगाया जा सके।

# मकान का ताला तोड़कर चोर लाखों के जेवर और नगदी ले उड़े

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में चोरों ने एक मकान का ताला तोड़ा और लाखों रुपए के जेवर और नगदी चुराकर ले गए। फरियादी शील कुमार पिता मांगीलाल पोरवाल निवासी उषानगर अन्नपूर्णा के यहां चोरी की घटना हुई। फरियादी के मुताबिक चोरों ने उनके मकान का ताला तोड़ा और अलमारी में रखी सोने की छह चूड़ियां, छह अंगूठी, तीन हार, दो मंगलसूत्र, पांच जोड़ कान के टॉप्स, 4 जोड़ चांदी की पायल और 60 हजार रुपए नगदी चुराकर ले गए। अन्नपूर्णा पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया।

## सटोरिया धराया

**इंदौर।** चंदननगर क्षेत्र में पुलिस ने सट्टा खेलते हुए एक आरोपी को धर दबोचा। आरोपी के कब्जे से सट्टा पर्ची और नगदी जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार, ग्रीन पार्क कालोनी निवासी शब्बीर शेख को चंदननगर चौराहे से पकड़ा गया। तलाशी में उसके पास से तीन सट्टा पर्चियां जिन पर विभिन्न अंक लिखे हुए थे और 450 रुपए नकद बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सट्टा एक्ट की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## 111 बुद्धिजीवियों का होगा सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** 'दी ओपन टेलेंट शो' द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन 22 मार्च को महादेवी पुस्तकालय में किया जाएगा। जिसमें महिला-पुरुष खिलाड़ी, नृत्यक, गायक, वादक, योगा टीचर, स्टैंडअप कॉमेडियन, लेखक, कवि, शायर, अभिनय कलाकार, मेधावी छात्र, शिक्षक, नर्स आदि अनेक कलात्मक और विभिन्न सामाजसेवी बुद्धिजीवियों को सम्मानित किया जाएगा। उक्त जानकारी जितेन्द्र शिवहरे ने दी।



# भूजल स्त्रोतों की शुद्धि और पुनर्भरण में सावधानी पर परिचर्चा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संस्था सेवा सुरभि द्वारा 'भूजल स्त्रोतों की शुद्धि और पुनर्भरण में सावधानी' विषय पर परिचर्चा का आयोजन प्रेस क्लब सभागृह में किया गया। डॉ. सुधीन्द्र मोहन शर्मा ने कहा कि शहर में भूजल प्रदूषण की स्थिति गंभीर खतरे का संकेत है। इस अवसर पर सांसद शंकर लालवानी, निगमायुक्त क्षितिज सिंघल, वैज्ञानिक निकेतन सेठी और अजीतसिंह नारंग ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर डॉ. ओपी जोशी, रामेश्वर गुप्ता, नेमीचंद जैन, गौतम कोठारी, अरविन्द जायसवाल, भोलेश्वर दुबे, मुकेश तिवारी, पंकज कासलीवाल, कैलाश मित्तल, दिलीप वाघेला, ओमप्रकाश नरेडा, मेघा बर्वे, वीके जैन, विनोद नीमा, अतुल शेठ, ईश्वर बाहेती, रमेश गुप्ता, मुरलीधर धामानी सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

# शिक्षक संगठन करेगा आंदोलन



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** राज्य शासन द्वारा शिक्षा शिक्षक पात्रता परीक्षा के अनिवार्य किए जाने के फैसले के विरोध में सभी शिक्षक संगठनों ने एक साथ लामबंद होकर संयुक्त मोर्चा के बैनर तले आंदोलन करने का निर्णय बैठक में लिया। बैठक में राज्य कर्मचारी संघ, व्याख्याता प्राचार्य संघ, मध्यप्रदेश शिक्षक संघ, मध्यप्रदेश शिक्षक कांग्रेस, आजाद अध्यापक शिक्षक संघ, प्रान्तीय शिक्षक संघ, गुरुजी संघ के पदाधिकारी मौजूद थे। दूसरी बैठक 22 मार्च को मालव कन्या विद्यालय में होगी। इसके सम्बंध में ज्ञापन भी जिम्मेदारों को सौंपेंगे। इस अवसर पर के.के.आर्य, शिववीरसिंह भदौरिया, अमरीश शर्मा, मनींदरसिंह ठाकुर, हिमांशु तिवारी, विनोद सोनगिर, दीपक दुबे, शिवजी सोनी, हेमराज पटेल, अनुज दुबे, नवीन तिवारी, बरसिंह भूरिया, विजय गांगले, जुगल किशोर पंवार, देवेंद्र कुमार वर्मा, मदनलाल वर्मा, हेमराज चौधरी, शोभा शर्मा, राजेश चौहान उपस्थित थे।

# घर का दरवाजा खटखटाकर गुंडागर्दी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**नुकीले हथियार और पत्थर से तीन युवकों को किया लहूलुहान**

लसुड़िया थाना इलाके के महालक्ष्मी नगर में देर रात गुंडागर्दी का मामला सामने आया है। कुछ युवकों ने एक घर का दरवाजा खटखटाकर विवाद किया और बीच-बचाव करने आए तीन लोगों पर नुकीले हथियार व पत्थरों से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, सेक्टर-ए महालक्ष्मी नगर निवासी आयुषी शर्मा की शिकायत पर केस दर्ज किया है। फरियादी ने बताया कि रात करीब 1:15 बजे अभिषेक भास्कर अपने कुछ साथियों के साथ उनके घर पहुँचा और जोर-जोर से दरवाजा खटखटाने लगा। जैसे ही दरवाजा खोला गया, आरोपियों ने रात में आवाज क्यों कर रहे हो जैसी मामूली बात को लेकर गाली-गलौज और विवाद शुरू कर दिया।विवाद बढ़ता देख आयुषी के भाई रितेश शर्मा, पति अभिषेक चौहान और परिचित ऋषि पांडे आरोपियों को समझाने के लिए बाहर आए। इस पर आरोपी और भड़क गए। आरोप है कि अभिषेक भास्कर ने पास रखी किसी नुकीली वस्तु से रितेश के पेट और हाथ पर हमला कर दिया। वहीं, एक अन्य साथी ने अभिषेक चौहान के सिर और हाथ पर पत्थर दे मारा। बीच-बचाव करने आए ऋषि पांडे को भी नुकीली वस्तु मारकर घायल कर दिया गया।हमले के बाद तीनों युवक लहूलुहान हो गए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी जाते-जाते सभी को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। शोर सुनकर आसपास के लोग भी जमा हो गए।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| | गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|---|
| | 158300 | 156150 |
| | सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| | 257500 | 252700 |

1 बजे फिजिकल भाव कन्फर्म होते हैं ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# शिव मंदिर के बाहर ही क्यों विराजते हैं नंदी

## जानिए पौराणिक और आध्यात्मिक रहस्य

आपने अक्सर देखा होगा कि नंदी का मुंह शिवलिंग की ओर होता है और लोग अपनी मनोकामनाएं नंदी के कान में फुसफुसा कर प्रकट करते हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि नंदी शिवलिंग के सामने क्यों बैठा होता है और इसका गहरा रहस्य क्या है? जब भी हम किसी शिव मंदिर में प्रवेश करते हैं, तो सबसे पहले हमारी नजर एक शांत और स्थिर मुद्रा में बैठे नंदी बैल पर जाती है। उनका चेहरा सदा शिवलिंग की ओर होता है। नंदी को केवल भगवान शिव का वाहन मानना उनके महत्व को कम आंकने जैसा होगा। वे शिवभक्ति, संयम, विवेक और आत्मज्ञान का प्रतीक हैं। चलिए जानते हैं कि शिव मंदिरों में नंदी का स्थान इतना खास क्यों है और उनके दर्शन का आध्यात्मिक अर्थ क्या है।



### नंदी की पौराणिक कथा

पौराणिक कथाओं के अनुसार, ऋषि शिलाद ने तपस्या करके भगवान शिव से एक ऐसा पुत्र मांगा जो जन्म और मृत्यु के बंधन से मुक्त हो। उनकी इच्छा थी कि उनका पुत्र अयोनिजा (बिना गर्भ के जन्मा), अमर और स्वयं भगवान शिव के समान तेजस्वी हो। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने वरदान दिया और कुछ समय बाद, जब ऋषि शिलाद खेत जोत रहे थे तब धरती से एक बालक प्रकट हुआ, जिसका नाम पड़ा नंदी। एक दिन ऋषि शिलाद से मिलने ऋषि मित्र और वरुण आए। बालक नंदी ने दोनों का बहुत सत्कार किया। मगर जब दोनों ऋषि वापस जाने लगे तो उन्होंने ऋषि शिलाद से कहा कि आपका पुत्र सर्वगुण संपन्न है, लेकिन हमें दुख है कि वह सिर्फ 8 वर्ष तक ही जीवित रहेगा। ऋषियों कि ये बात सुनकर ऋषि शिलाद रोने लगे। अपने पिता को रोते देख नंदी ने उनसे रोने का कारण पूछा।

जब नंदी को यह ज्ञात हुआ कि उनका जीवन कुछ समय का है, तो उन्होंने मृत्यु को जीतने के लिए भगवान शिव की कठोर तपस्या की। शिवजी उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर उन्हें अमरता का वरदान देते हैं और अपने गणों का अधिपति बनाते हैं। तभी से उन्हें नंदीश्वर के नाम से जाना जाता है।

### शिव मंदिर के बाहर ही क्यों विराजते हैं नंदी?

शिव मंदिर में नंदी हमेशा बाहर ही क्यों विराजमान होता है? इसका कारण यह है कि नंदी हमेशा अपने इष्ट भगवान शिव को अपनी आंखों के सामने देखना चाहता है। इसका अर्थ है, भक्त को अपने इष्ट से दृष्टि नहीं हटानी चाहिए।

वहीं, भगवान शिव अर्धनारीश्वर के रूप में माता पार्वती के साथ हैं, इसलिए, नंदी कभी मंदिर के अंदर नहीं होते, बल्कि मंदिर के बाहर स्थापित रहते हैं, ताकि भगवान शिव और माता पार्वती दोनों का दर्शन एक साथ हो सके।

वह एक भक्त और पुत्र के रूप में बाहर बैठते हैं, लेकिन सदैव अपने इष्ट के दर्शन में मग्न रहते हैं। नंदी के दर्शन का एक और महत्व है। उनका यह स्वरूप हमें यह सिखाता है कि मनुष्य को अपना हर क्षण परमात्मा को अर्पित करना चाहिए। भक्ति के सर्वोच्च स्तर को प्राप्त करने के बाद नंदी ने भगवान शिव से यह वरदान प्राप्त किया कि जहां भी वह होंगे, वहां भगवान शिव होंगे। यही कारण है कि नंदी हर शिव मंदिर के बाहर स्थापित होते हैं और शिव के साथ पूजे जाते हैं।

### सुनते हैं भक्तों की मनोकामना

श्रद्धालु नंदी के कान में अपनी इच्छाएं कहते हैं, मान्यता है कि नंदी सीधे शिव तक यह संदेश पहुंचाते हैं। इसका भाव है, आपका संकल्प, आपकी प्रार्थना जब भक्ति और विश्वास के साथ कही जाती है, तो वह ईश्वर तक जरूर पहुंचती है।

### आत्मा और शरीर का संबंध

नंदी को शिव का वाहन कहा गया है। जैसे शरीर आत्मा का वाहन है, वैसे ही नंदी शिव का वाहन हैं। नंदी का शिव की ओर देखना यह दर्शाता है कि जीवन का उद्देश्य केवल भौतिकता नहीं, बल्कि स्पिरुचल प्रोग्रेस है।

### नंदी और कर्तव्य

कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के अनुसार, नंदी बल, संयम, धैर्य और सेवा का प्रतीक हैं। उनका जीवन संदेश देता है कि हर व्यक्ति को जीवन में पुरुषार्थ (कर्तव्य) करना चाहिए, सच्चाई, निष्ठा और भक्ति के साथ। नंदी के नेत्र स्थिर हैं, शांत हैं। वे सिखाते हैं कि भक्ति के मार्ग पर तभी सफलता मिलती है जब मनुष्य क्रोध, अहंकार और लोभ जैसे दुर्गुणों को त्याग दे।

# यूटीटी सीनीयर राष्ट्रीय टेबल टेनिस स्पर्धा में मप्र की चुनौती समाप्त

**इंदौर।** टेबल टेनिस फेडरेषन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन द्वारा यूटीटी 87वीं सीनीयर राष्ट्रीय एवं अंतर राज्य टेबल टेनिस स्पर्धा में महिला वर्ग के टीम मुकाबलों के प्रिक्वार्टर फायनल में मध्य प्रदेश की महिला टीम संघर्षपूर्ण मुकाबलें में तमिलनाडु से पराजित हो गई, वही पुरुष वर्ग में मध्य प्रदेश की टीम प्रिक्वार्टर फायनल मुकाबले में पश्चिम बंगाल से पराजित हुई। महिला टीम वर्ग में पेट्रोलियम प्रमोशन बोर्ड, कर्नाटक, ऑल इंडिया रिजर्व बेंक ऑफ इंडिया एंड कल्चरल कांउसिल, गुजरात, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र की टीमें क्वार्टर फायनल में पहुंची।




अभय प्रशाल में खेली जा रही राष्ट्रीय स्पर्धा में महिला वर्ग के प्रिक्वार्टर फायनल टीम मुकाबलों में तमिलनाडु ने मध्य प्रदेश को 3-0 से, पराजित किया। तमिलनाडु की सैलेना सेल्वकुमार ने परमी नागदेव को 11-3, 11-5, 11-8 से, शासिनी शिवशंकर ने मोमिता पाल को 11-8, 11-4, 11-7 से, नित्यश्री मणी ने भव्या राव को 11-8, 11-6, 11-7 से पराजित किय। पीएसपीबी ने हरियाणा को 3-0 से, दिल्ली ने आसम को 3-0 से, उत्तर प्रदेश ने आंध्र प्रदेश को 3-0 से, महाराष्ट्र ने चंडीगढ को 3-0 से, कर्नाटक ने तेलंगाना को 3-0 से, गुजरात ने प.बंगाल को 3-0 से, आरबीआई ने उडिसा को 3-0 से पराजित कर क्वार्टर फायनल में प्रवेश किया।

पुरुष वर्ग टीम मुकाबलों के प्रिक्वाटर फायनल में पष्चिम बंगाल ने मध्य प्रदेष को 3-1 से पराजित किया। मध्य प्रदेश के सोम्यदीप सरकार ने बोधिसत्वा चौधरी को 5-11, 11-9, 11-9, 9-11, 11-7 से, प.बंगाल के अंकुर भट्टाचार्यजी ने शिवम सोलंकी को 11-9, 11-8, 11-7 से, भांखदीपदास ने अनुज सोनी को 11-8, 11-9, 11-9 से व अंकुर ने सोम्यदीप सरकार को 11-8, 11-6, 7-11, 13-15, 11-8 से पराजित किया। अन्य टीम मुकाबलों में, आसाम ने मिजोरम को 3-1 से, झारखंड ने मेघालय को 3-2 से, पांडीचेरी ने बिहार को 3-1 से, तमिलनाडु ने उत्तर प्रदेश को 3-1 से, कर्नाटक ने हरियाणा को 3-0 से, चंडीगढ ने दमन एंव दीव को 3-1 से, पंजाब ने आंध्रप्रदेश को 3-1 से, पीएसपीबी ने नागालेंड को 3-0 से, गुजरात ने राजस्थान को 3-1 से, आरएसपीबी ने सिक्किम को 3-0 से, प.बंगाल ने हिमाचल प्रदेश को 3-0 से, उडिसा ने उत्तराखंड को 3-1 से, तेलंगाना ने जम्मू कश्मीर को 3-0 से दिल्ली ने गोवा को 3-0 से, महाराष्ट्र ने मणिपुर को 3-0 से, मीजोरम ने मेघालय को 3-0 से, झारखंड ने अंडमान निकोबार को 3-0 से, केरल ने बिहार को 3-2 से, उत्तर प्रदेश ने पोडींचेरी को 3-1 से, कर्नाटक ने दमन एंड दीव को 3-0 से, चंडीगढ ने लद्दाख को 3-0 से, आसम ने झारखंड को 3-0 से, तमिलनाडु ने बिहार को 3-0 से, पोंडीचेरी ने केरल को 3-1 से, चंडीगढ ने हरियाणा को 3-0 से, उत्तराखंड ने हिमाचल प्रदेष को 3-0 से, प.बगांल ने उडिसा को 3-1 से, राजस्थान ने सिक्किम को 3-0 से, आरएसपीबी ने गुजरात को 3-0 से, आंध्रप्रदेश ने नागालैंड को 3-0 से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया।

## विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस मनेगा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस 21 मार्च को मनाया जाएगा। इस दिन से अंतर्राष्ट्रीय डाउन सिन्ड्रोम जागरूकता पखवाडा भी प्रारंभ होगा। पखवाड़े के अंतर्गत जनजागरूकता, निदान और उपचार के लिए शिविर सहित अन्य कार्यक्रम होंगे। 26 मार्च को जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र समाज कल्याण परिसर परदेशीपुरा इंदौर डीडीआरसी में प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक शिविर आयोजित किया जायेगा। यह शिविर लोकल लेवल कमेटी एवं डाउन सिन्ड्रोम फेडरेशन ऑफ इण्डिया के संयुक्त तत्वावधान में होगा। इंदौर एकेडमी आफ पीडियाट्रिक्स इंदौर के विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों के सहयोग से डाउन सिन्ड्रोम बीस्की से ग्रसित बच्चों के लिए हेल्थ केम्प, पालकगणों से चर्चा, समस्या/निदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

## रॉयल वॉक में 200 महिलाओं ने की शिरकत

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**



वीजी विंग्स संस्था ने सांस्कृतिक कार्यक्रम 'राजसी द रॉयल वॉक' का आयोजन किया। 200 से अधिक महिलाओं ने इस वॉक आयोजन में राजस्थानी और भारतीय परिधानों में शिरकत की। निर्णायक विजेता जैन, नित्या सिंह निरवान थे। डॉ. अंशुल जैन, श्रेया अनासाने ने बताया कि अतिथि विकी टेक्कर, डॉ. एल.एन. अमेटा, राजेश शर्मा, मीता चक्रवर्ती, सीमा पालीवाल, मनीषा यादव, शुभम पटेल, ज्योतिसिंह ठाकुर, अंकिता वैष्णव, रेनू सोलंकी मौजूद रहे।




## मेट्रो स्टेशन का कार्य जारी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शिवाजी मार्केट निगम रोड के सामने मेट्रो स्टेशन का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। यातायात भी प्रभावित हो रहा है।

## अग्निवीर सेना भर्ती के लिए आवेदन प्रारंभ

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। अभ्यर्थी 1 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। भर्ती संबंधी विस्तृत जानकारी एवं अधिसूचना भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट ै.रदग्हग्ह्रिंहस्ब्.हग्म्.ग्ह पर उपलब्ध है। भर्ती के अंतर्गत अग्निवीर (पुरुष) जनरल ड्यूटी, एसकेटी, टेक्निकल, ट्रेड्समैन (8वीं एवं 10वीं), महिला सेना पुलिस तथा स्थाई पदों के लिए नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट एवं सिपाही फार्मा के पदों पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। बताया गया कि इस बार सेना भर्ती में आयु सीमा में एक वर्ष की वृद्धि की गई है।

### ज़ाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे **पुत्र प्रयान** के दस्तावेजों में उसके पिता का नाम **धीरज जैन** है। **पता 2. शांति निकेतन कॉलोनी बिचौली मदार्ना इंदौर** अतः मैं अपने पुत्र के दस्तावेजों में उसके पिता का नाम **धीरज प्रकाश जैन** करा रहा हूं। मेरे ये नाम परिवर्तन से कोई प्रभावित होता है या किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन से 7 दिन के अंदर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा बाद में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

## ये खिलाड़ी है टी-20 का सबसे बड़ा ओपनिंग बल्लेबाज

नई दिल्ली। विराट कोहली ने दुनिया का सबसे बेहतरीन टी-20 सलामी बल्लेबाज क्रिस गेल को माना है। उन्होंने वीरेंद्र सहवाग,सचिन तेंदुलकर और रोहित शर्मा से ऊपर क्रिस गेल को जगह दी है। आईपीएल 2026 का सीजन शुरू होने में सिर्फ कुछ ही दिन बचे हैं। 28 मार्च से बिगुल बज जाएगा। इससे पहले आरसीबी के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने टी-20 क्रिकेट में सबसे बेहतरीन ओपनर कौन है, इसके बारे में बताया है। विराट कोहली ने इस दौरान दुनिया का सबसे बेहतरीन टी-20 सलामी बल्लेबाज क्रिस गेल को माना है। उन्होंने वीरेंद्र सहवाग, सचिन तेंदुलकर और रोहित शर्मा से ऊपर क्रिस गेल को जगह दी है। रविवार को आरसीबी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो साझा किया जिसमें विराट कोहली को सबसे बेहतरीन ओपनर्स को पिक करने के लिए कहा गया। दिस और दैट के खेल में उन्हें शुरुआत से दो विकल्प दिए गए और एक को पिक करने के लिए कहा गया। सबसे पहले वीडियो में एडम गिलक्रिस्ट और सुनील नारायण में से किसी एक को चुनने के लिए कहा गया और विराट कोहली गिल क्रिस्ट के साथ गए। आगे एडम गिलक्रिस्ट और ट्रेविस हेड में से उन्होंने हेड को चुना। ट्रेविस हेड और वीरेंद्र सहवाग में से उन्होंने सहवाग को चुना। इसके बाद डिकॉक, वॉटसन, शिखर, धवन, फॉफ डु प्लेसिस, ब्रैंडन मैकुलम को सहवाग के विकल्प के रूप में लाया गया और विराट कोहली ने इन सभी को एलिमिनेट करते हुए सहवाग को चुना।

# गेल के इस वर्ल्ड रिकॉर्ड को तोड़ना चाहते हैं वैभव

**नई दिल्ली ।** वैभव सूर्यवंशी आगामी आईपीएल में क्रिस गेल का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ना चाहते हैं, जो पिछले 13 सालों से कोई नहीं तोड़ पाया है। यह रिकॉर्ड है टी20 में एक पारी में सबसे ज्यादा रन बनाने का।

14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने बड़े ही कम समय में क्रिकेट की दुनिया में अपना नाम कमाया है। पिछले आईपीएल में डेब्यू करने वाले वैभव सूर्यवंशी ने पहली गेंद पर छक्का लगाकर दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा था। उन्होंने अपने डेब्यू सीजन में शतक जड़ा और 7 मैचों में कुल 252 रन ठोक डाले। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। आईपीएल के बाद वह लगातार डोमेस्टिक और इंटरनेशनल क्रिकेट में परफॉर्म करते रहे। उनकी इस ताबड़तोड़ बैटिंग के दम पर ही भारत अंडर-19 वनडे वर्ल्ड कप का भी खिताब जीतने में कामयाब रहा। वैभव ने इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल में 175 रनों की धुआंधार पारी खेल टीम इंडिया को चैंपियन बनाया। अब उन्होंने अपना अगला टारगेट बताया है।

बीसीसीआई के सालाना अवॉर्ड समारोह के दौरान जब हर्षा भोगले ने वैभव सूर्यवंशी से पूछा कि आप इन तीन में से किस रिकॉर्ड को तोड़ना चाहेंगे। तो वैभव सूर्यवंशी ने यह जवाब दिया।

हर्षा के तीन ऑप्शन में से पहला एक ओवर में 6 छक्के, दूसरा क्रिस गेल का आईपीएल में 175 रन का रिकॉर्ड और तीसरा आईपीएल में सबसे तेज शतक । बता दें, वैभव सूर्यवंशी के नाम आईपीएल में 35 गेंदों पर दूसरी सबसे तेज सेंचुरी जड़ने का रिकॉर्ड है। इस लिस्ट में क्रिस गेल 30 गेंदों के साथ टॉप पर हैं।



वैभव सूर्यवंशी ने इसके जवाब में कहा कि उन्हें आईपीएल में क्रिस गेल का 175 रनों का रिकॉर्ड तोड़ने का है। बता दें, युवराज सिंह टी-20 में एक ओवर में 6 छक्के लगाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज थे, उन्होंने यह कारनामा इंग्लैंड के खिलाफ 2007 टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान किया था। वैभव सूर्यवंशी को भी छक्के लगाना खूब पसंद है, मगर उनका पहला टारगेट क्रिस गेल के 175 रनों के रिकॉर्ड को तोड़ना है।

गेल ने 175 रनों की नाबाद पारी पुणे वॉरियर्स के खिलाफ 2013 आईपीएल में खेली थी। यह सिर्फ आईपीएल की ही नहीं बल्कि टी20 क्रिकेट के इतिहास की सबसे बड़ी पारी है। टी20 क्रिकेट पिछले 13 सालों में काफी अलग स्तर पर पहुंच गया है, मगर आज तक गेल का यह रिकॉर्ड कोई नहीं तोड़ पाया है। जिस तरह वैभव सूर्यवंशी बल्लेबाजी करते हैं, उसे देखकर उम्मीद लगाई जा सकती है कि वह उनका यह रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं।

## शुरुआत में विकेट गिरना रहा पाकिस्तान की हार का कारणः शाहीन

**ढाका।** पाकिस्तान की टीम को टी20 वर्ल्ड कप 2026 के बाद अपनी पहली वनडे सीरीज में हार का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली गई, जिसे 2-1 से मेजबान बांग्लादेश ने जीता।

टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के बाद पाकिस्तान की टीम पहली वनडे सीरीज खेलने उतरी और सीरीज में बांग्लादेश के हाथों पाकिस्तान को हार का सामना करना पड़ा। इस सीरीज में टीम के कप्तान शाहीन शाह अफरीदी थे, जिन्होंने मैच के बाद उन कारणों को बताया, जिनके चलते टीम को हार का सामना करना पड़ा। सलमान अली आगा ने शतक जरूर जड़ा, लेकिन वह शतक बेकार रहा, क्योंकि आखिरी वनडे मैच में पाकिस्तान की टीम 11 रनों से मुकाबला हार गई। कप्तान शाहीन का मानना है कि रिशाद हुसैन की स्पिन बॉलिंग ने मैच उनसे छीन लिया। इसके अलावा शुरुआत में विकेट गिरना भी पाकिस्तान की हार का कारण रहा। शाहीन शाह अफरीदी ने पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन सेरेमनी में कहा, मुझे लगता है कि शुरुआती विकेट हमें थोड़े महंगे पड़े, लेकिन मुझे टीम पर सच में गर्व है। वे आखिर तक लड़ते हैं और मुझे लगता है कि हमें युवाओं के लिए इसकी जरूरत है और वे आखिरी बॉल तक लड़ते हैं।' कप्तान ने सलमान अली आगा के शतक पर कहा, 'हां, सलमान हमेशा एक बहुत अच्छा प्लेयर रहा है, टेस्ट और ODI में वह हमेशा मिडिल-ऑर्डर में अच्छा करता है। उसे स्पिन और फास्ट बॉलर्स को खेलना पसंद है। मुझे लगता है कि सलमान ने बहुत लंबे समय तक पाकिस्तान के लिए खेला है और बहुत अच्छी पारियां खेली हैं। टीम को लेकर शाहीन ने कहा, कई युवा पहली बार यहां वनडे के लिए आए थे और उन्होंने अच्छा खेला और हम उन्हें सपोर्ट करेंगे। शाही ने अपनी बैटिंग पर कहा, हां, मैं कोशिश करूंगा, जैसे यह मेरा काम है, लेकिन हां, रिशाद ने सच में बहुत अच्छी बॉलिंग की। वह एक बेस्ट लेगस्पिनर है और मुझे लगता है कि बांग्लादेश टीम को बधाई। उन्होंने सच में बहुत अच्छा खेला। युवाओं को लेकर कप्तान ने कहा कि वे जितना ज्यादा इंटरनेशनल क्रिकेट खेलेंगे, उतना ही वह तीनों विभागों में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

## नॉर्थ जोन विजेता घोषित, साउथ जोन रहा उपविजेता

**इंदौर ।** डेफ प्लेयर्स के लिए इंडियन डेफ क्रिकेट एसोसिएशन (आईडीसीए) द्वारा आयोजित 7वीं वन डे नेशनल जोनल क्रिकेट चैंपियनशिप का समापन इंदौर में एक भव्य समापन समारोह के साथ हुआ, जिसमें देशभर से आए डेफ क्रिकेटरों के शानदार प्रदर्शन का सम्मान किया गया।



नॉर्थ जोन और साउथ जोन के बीच खेला गया फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। नॉर्थ जोन ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन टीम 24.1 ओवर में 120 रन पर ऑल आउट हो गई। कुलदीप सिंह ने 32 गेंदों पर 31 रन बनाकर टीम के लिए सर्वाधिक स्कोर किया। साउथ जोन के यशवंत नायडू ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पाँच विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करते हुए साउथ जोन ने 25.5 ओवर में 6 विकेट खोकर 127 रन बनाते हुए मैच अपने नाम कर लिया। वैभव ने 49 गेंदों पर 42 रन बनाए, जबकि रोहित सैनी ने मैच के दौरान पाँच विकेट हासिल किए और साउथ जोन को फाइनल मुकाबले में चार विकेट से जीत दिलाई। मुख्य अतिथि डॉ. अतुल मलिकराम, पॉलिटिकल स्ट्रैटेजिस्ट और कार्बन फुटप्रिंट जीएचजी लीड ऑडिटर ने नॉर्थ जोन को विजेता ट्रॉफी प्रदान की, जबकि विशिष्ट अतिथि ओडिशा की फिजिकली चैलेंज्ड क्रिकेट टीम के कप्तान राखाल कुमार सेठी ने साउथ जोन को उपविजेता ट्रॉफी प्रदान की। व्यक्तिगत पुरस्कार में विवेक कुमार (नॉर्थ जोन) और अमन चौकसे (सेंट्रल जोन) को मैन ऑफ द मैच चुना गया। सीरीज़ के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज़ का पुरस्कार अभिषेक सिंह (ईस्ट जोन) को मिला, जबकि सीरीज़ के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ विवेक कुमार (नॉर्थ जोन) रहे। प्लेयर ऑफ द सीरीज़ का खिताब भी विवेक कुमार (नॉर्थ जोन) को दिया गया।

## कप्तान शुभमन गिल ने दिया बड़ा बयान, वनडे विश्व कप जीतना लक्ष्य

**नई दिल्ली।** भारत के एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय कप्तान शुभमन गिल ने रविवार को कहा कि 2027 एकदिवसीय विश्व कप जीतना उनकी टीम का सबसे बड़ा लक्ष्य है, विशेषकर तब जब 50 ओवर के इस टूर्नामेंट के पिछले सत्र में वे ट्रॉफी जीतने के बेहद करीब पहुंच गए थे। लगातार 10 मैच जीतने के शानदार रिकॉर्ड के बावजूद भारत को 2023 एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। बीसीसीआई नमन पुरस्कार के दौरान जब गिल से पूछा गया कि क्या वे अगले एकदिवसीय विश्व कप के बारे में सोचते हैं, तो उन्होंने कहा, बिल्कुल, मैं सोचता हूं। यही हमारा सबसे बड़ा लक्ष्य है। उन्होंने कहा, हमें लगा था कि पिछली बार जब हम भारत में (फाइनल में) थे तो हम जीत के बेहद करीब पहुंच गए थे। अब दक्षिण अफ्रीका में हमें इसे जीतने का एक और मौका मिल रहा है जो हमारे लिए एक शानदार अवसर होगा। गिल ने कहा, देश के लिए किसी भी प्रारूप में विश्व कप जीतना ही सबसे बड़ा लक्ष्य होता है इसलिए बेशक यह बात कभी-कभी मेरे मन में आती रहती है।



# आखिरी ओवर में हुआ हंगामा, पाकिस्तान ने दर्ज की शिकायत

**ढाका।** पाकिस्तान मैनेजमेंट ने इस आधार पर शिकायत दर्ज कराई है कि उनका मानना है कि बांग्लादेश ने रिव्यू तब लिया, जब बड़ी स्क्रीन पर उस गेंद का रीप्ले दिखाया जा चुका था। पाकिस्तान के बांग्लादेश दौरे का अंत एक ड्रामे के साथ हुआ। तीसरा वनडे जीतकर बांग्लादेश ने 2-1 से सीरीज पर कब्जा जमाया, मगर बांग्लादेश ने सीरीज के आखिरी ओवर में कुछ ऐसा किया जो पाकिस्तान को बिल्कुल पसंद नहीं आया और उन्होंने इसको लेकर अधिकारिक शिकायत भी दर्ज कराई है। पाकिस्तान को तीसरा वनडे जीतने के लिए 291 रनों का टारगेट मिला था, इस स्कोर का पीछा करते हुए मेहमान टीम 279 रनों पर ही सिमट गई। पाकिस्तान ने यह मैच 11 रनों से हारने के साथ-साथ 11 साल बाद बांग्लादेश के हाथों सीरीज भी गंवाई। यह ड्रामा पाकिस्तान के पारी के आखिरी ओवर में हुआ जब मेहमान टीम को 2 गेंदों पर जीत के लिए 12 रनों की दरकार थी। रिशाद हुसैन ने पांचवीं गेंद शाहीन अफरीदी के लेग साइड में डाली जो घूमते हुए बाहर चली गई। अंपायर ने इसे तुरंत वाइड दिया, हालांकि थोड़ी देर बाद बांग्लादेश ने एलबीडब्ल्यू के लिए रिव्यू लेने का फैसला किया। सामान्य नियमों के अनुसार, रिव्यू के बारे में फैसला तब लिया जाना चाहिए जब खिलाड़ियों को कोई भी रीप्ले दिखाई न दे, ताकि वे रिव्यू के फैसले को प्रभावित न कर सकें। हालांकि, यह मानते हुए कि रिव्यू की कोई गुंजाइश नहीं थी क्योंकि उस गेंद को शुरू में 'वाइड' करार दिया गया था, पाकिस्तान ने तर्क दिया है कि इन सामान्य नियमों का पालन नहीं किया गया, स्टेडियम की बड़ी स्क्रीन पर गेंद को बल्ले के पास से गुजरते हुए दिखाया गया था, जिससे संभवतः बांग्लादेश को यह संकेत मिल गया कि गेंद बल्ले से टकराई हो सकती है।



# वॉट्सऐप पर आया आरटीओ चालान का मैसेज, लिंक क्लिक करते ही युवक के खाते से उड़े 4.22 लाख रुपए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

साइबर ठगों ने ठगी का एक नया और खतरनाक तरीका निकाला है। मल्हारगंज थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति को वॉट्सऐप पर आरटीओ चालान की फर्जी फाइल भेजकर उसका मोबाइल हैक कर लिया गया और बैंक खाते से लाखों रुपए पार कर दिए गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, ओंकार उर्फ पिंटू पिता केदार प्रसाद तिवारी निवासी लक्ष्मीपुरी कॉलोनी ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनके पास एक अज्ञात मोबाइल नंबर 8966888788 से वॉट्सऐप मैसेज आया था। मैसेज में आरटीओ चालान के नाम से एक एपीके फाइल भेजी गई थी। फरियादी ने जैसे ही उस फाइल को असली चालान समझकर डाउनलोड किया, उनका मोबाइल फोन हैक हो गया।मोबाइल का एक्सेस मिलते ही शातिर साइबर अपराधी ने फरियादी के एचडीएफसी बैंक खाते में सेंध लगा दी। ठग ने पलक झपकते ही खाते से कुल 4 लाख 22 हजार 500 रुपए किसी दूसरे बैंक खाते में ट्रांसफर कर लिए। जब मोबाइल पर ट्रांजेक्शन के मैसेज आए, तब फरियादी को अपने साथ हुई साइबर धोखाधड़ी का अहसास हुआ। मल्हारगंज पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस अब साइबर सेल की मदद से उस मोबाइल नंबर और जिस खाते में पैसे ट्रांसफर हुए हैं, उसकी जानकारी जुटा रही है।

# 6 देशी पिस्तौल और कारतूस के साथ पकड़ाया

## बड़वानी से लाया था हथियारों की खेप

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर में अवैध हथियारों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत द्वारकापुरी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने देर रात घेराबंदी कर एक युवक को दबोचा, जिसके पास से 6 देशी पिस्तौल और 4 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं।

पुलिस के मुताबिक, रात करीब 1:30 बजे पुलिस टीम सूर्य देव नगर चैकिंग पॉइंट पर मुस्तैद थी। इसी दौरान एक युवक संदिग्ध अवस्था में वहां से गुजर रहा था। पुलिस को देख उसने रास्ता बदलने की कोशिश की, जिसे संदेह होने पर टीम ने रोककर उसकी तलाशी ली।तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 6 लोहे की देशी पिस्तौल और 4 जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राजवीर सिंह पिता उजागर सिंह निवासी ग्राम ओझर जिला बड़वानी बताया। इतनी बड़ी संख्या में हथियारों की मौजूदगी को लेकर आरोपी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। पुलिस को अंदेशा है कि वह यह खेप शहर में किसी अपराधी गिरोह को सप्लाई करने के इरादे से आया था।द्वारकापुरी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस अब राजवीर से यह उगलवाने की कोशिश कर रही है कि वह यह हथियार इन्दौर में किसे सौंपा जाना था। पुलिस को उम्मीद है कि इस गिरफ्तारी से अवैध हथियारों की तस्करी से जुड़े एक बड़े नेटवर्क का खुलासा हो सकता है।

# 1.20 लाख की एमडी ड्रग्स के साथ ऑटो चालक गिरफ्तार

## जल्दी अमीर बनने के चक्कर में बना तस्कर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



शहर में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत खजराना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 12 ग्राम से अधिक एमडी ड्रग्स बरामद की है। पकड़ी गई ड्रग्स की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 1 लाख 20 हजार रुपये से अधिक आंकी गई है।

थाना प्रभारी मनोज सेंधव के मुताबिक, खजराना थाना क्षेत्र में संदिग्धों की तलाश और गश्त के दौरान पुलिस टीम को साईंकृपा कट मेन रोड के पास एक युवक संदिग्ध हालत में बैठा दिखाई दिया। पुलिस टीम को देखते ही युवक घबराकर भागने लगा, जिसे जवानों ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 12 ग्राम से अधिक अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स बरामद हुई।पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शाहरुख उर्फ बोना पिता सलीम खान निवासी बडला, खजराना बताया।आरोपी केवल छठी कक्षा तक पढ़ा है और पेशे से ऑटो रिक्शा चालक है। शाहरुख ने कबूल किया कि वह खुद भी नशे का आदी है और अपनी लत पूरी करने के साथ-साथ जल्दी अमीर बनने के लालच में मादक पदार्थों की तस्करी करने लगा। वह सस्ते दामों में ड्रग्स खरीदकर शहर में ऊँचे दामों में बेचता था।खजराना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस अब आरोपी का रिमांड लेकर पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह यह नशा कहाँ से लाता था और उसके गिरोह में अन्य कौन-कौन शामिल हैं। पुलिस को उम्मीद है कि इस गिरफ्तारी से क्षेत्र के ड्रग्स नेटवर्क से जुड़े अन्य बड़े नामों का खुलासा हो सकता है।

# खाना खाने जा रहे युवक पर ससुराल वालों ने घेरकर किया हमला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बाणगंगा थाना क्षेत्र में एक युवक पर उसकी पत्नी और ससुराल वालों द्वारा जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पारिवारिक विवाद के चलते मायके गई पत्नी ने अपने पिता, मां और भाइयों के साथ मिलकर पति को रास्ते में रोका और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पाँच नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, गोविंद कॉलोनी निवासी शुभम पिता कैलाश रायकवार ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसका अपनी पत्नी काजल से करीब 45 दिन पहले विवाद हुआ था, जिसके बाद वह अपने मायके बक्षीबाग चली गई थी। कल जब शुभम कंपनी से छुट्टी होने पर खाना खाने के लिए सरवटे की ओर जा रहा था, तभी पोलो ग्राउंड स्थित एसबीआई बैंक के पास ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे घेर लिया।शुभम का आरोप है कि वहां उसकी पत्नी काजल, ससुर आनंद मेहरा, सास शारदा, साला अर्जुन और कृष्णा मौजूद थे। सभी उसे देखते ही गालियां देने लगे। जब शुभम ने विरोध किया, तो ससुर, सास और पत्नी ने उसे कसकर पकड़ लिया। इसी दौरान साले अर्जुन ने किसी नुकीली वस्तु से शुभम के सिर पर पीछे से वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। दूसरे साले कृष्णा ने भी उसके साथ जमकर मारपीट की।आरोपियों ने मारपीट के दौरान शुभम को धमकाते हुए कहा कि अगर दोबारा काजल को परेशान किया, तो तुझे जान से खत्म कर देंगे। शोर सुनकर आसपास के लोग जमा हुए, जिन्हें देख आरोपी मौके से भाग निकले। बाणगंगा पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# थाना के पीछे गली में खड़ी कार में लगाई आग

**इंदौर।** विजय नगर थाना के पीछे वाली गली में एक सिरफिरे ने देर रात खड़ी कार में आग लगा दी। पीड़ित पान दुकान संचालक कपिल ने बताया उनकी बॉम्बे अस्पताल के पास पान की दुकान है। देर रात 2:45 बजे एक सिरफिरा बाइक से आया और कार पर पेट्रोल डालकर आग लगाकर भाग निकला। आसपास के लोगों ने लपटें उठती देखी, तो घटना का पता चला। घटना का सोशल मीडिया पर सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें सिरफिरा कार से थोड़ी दूर बाइक पार्क करता नजर आ रहा है। जिसके बाद पेट्रोल डालकर आग लगाकर भाग जाता है। इस मामले में विजय नगर पुलिस ने जानकारी नहीं होने की बात कही है,जबकि कुछ रहवासियों का कहना कि घटना के बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आगामी कार्रवाई की बात की।







# चेकिंग पॉइंट पर पलटी कार

इंदौर( सिटी ब्लास्ट )। लसूडिया थाना क्षेत्र के सत्यसांई चौराहा चेकिंग पॉइंट पर एक तेज रफ्तार कार पलट गई। बताया जा रहा है पुलिस को देख चालक ने नियंत्रण खो दिया और अचानक यू टर्न लिया तभी हादसा हो गया। सूत्रों के मुताबित कार सवार सामान्य हालत में नहीं थे और पुलिस उन्हें पूछताछ के लिए थाना भी लेकर गई।उन्हें मामूली चोट भी लगी।



स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।